इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -93 | राजनांदगांव, रविवार 18 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# हैट्रिक बनाएंगे, रिकॉर्ड तोड़ेंगे, भाजपा को 370 पार ले जाएंगे : नड्डा

## बीजेपी का राष्ट्रीय अधिवेशन : 2024 लोकसभा चुनाव के लिए तय हुआ एजेंडा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता उत्साहित और प्रफुल्लित हैं तथा लोकसभा चुनाव में उनकी चेतना भाजपा को 370 एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 के पार ले जाएगी।

श्री नड्डा ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वयोवृद्ध नेता मुरली मनोहर जोशी, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में देश भर से आए करीब 12 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री नड्डा ने पार्टी का ध्वजारोहण करके अधिवेशन का शुभारंभ किया। श्री नड्डा ने कहा, हम पीछे भी जीते थे और आगे भी जीतेंगे। हम उत्साहित हैं, हम प्रफुल्लित हैं। हमारी यह चेतना अवश्य ही 370 पार कराएगी। राजग को भी 400 के पार ले जाना है। हर बूथ पर पूरी ताकत से जुट जाना है। हमे ना केवल हैट्रिक लगानी है बल्कि रिकॉर्ड भी तोड़ने हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने साढ़े आठ लाख बूथों पर पहुंच बनायी है और हम जल्दी ही 10 लाख बूथों पर पहुंचेंगे।

श्री नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा संघर्ष और फिर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, वर्ष 2014 के



पहले हम पांच या छह राज्यों में सत्ता में थे और 17.5 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते थे। आज हम 17 राज्यों में सरकार चला रहे हैं और 58 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सब मोदी की गारंटी से संभव हुआ है। अकेली भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने जो 1951 में कहा वही आज भी कहा और करके दिखाया।

श्री नड्डा ने जनसंघ के वक्त से उनके नारे एक देश, एक विधान, एक प्रधान का भी जिक्र किया। कहा पहले कि श्री मोदी ने लाल चौक पर नारे लगाए थे और फिर धारा-370 को धराशाही कर दिया। उन्होंने कहा, हमने रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे के भी नारे लगाए। कुछ लोगों ने उपहास उड़ाया कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तिथि नहीं बताएंगे। हमने तब कहा हम तिथि भी बताएंगे और आप आएंगे। पर आप आए नहीं, ये आपके कर्म थे। राममंदिर का शिलान्यास हुआ और फिर प्राणप्रतिष्ठा भी हुई। श्री नड्डा ने कहा, हम ऐसे माहौल में यहां आए हैं जहां हमें पीछे भी जीत दिखी है और आगे भी जीत दिख रही है। हमने संघर्ष का काल देखा, जब हमारी उपेक्षा की जा रही थी। हमने वह काल भी देखा जब हम जमानत बचाने के लिए संघर्ष करते थे। हमने इमरजेंसी देखी। हमने जीतने-हारने की प्रक्रिया भी देखी। लेकिन हमें खुशी है कि पिछला दशक प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में उपलब्धियों भरा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, वर्ष 2009 में हमें 18.8 प्रतिशत का समर्थन मिला था वहीं पार्टी का समर्थन 2014 में 31.3 प्रतिशत तक पहुंचा। वर्ष 2019 में हमने अपना रिकॉर्ड तोड़ा, 282 से 303 सीटें आई वहीं वोट शेयर 37 प्रतिशत पहुंचा। वर्ष 2014 से पहले हमारी सिर्फ पांच प्रदेशों मे सरकारें थी। लंबे वक्त तक हम पांच-छह में रूके थे। आज राजग की 17 प्रदेशों में और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है। स्थानीय निकायों के चुनाव में हमने 9836 सीटें जीती। 186 स्थानों पर नगर निगम में भाजपा के मेयर बने। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं जीत की बात में पश्चिम बंगाल भी जोड़ना चाहता हूं। हम वहां विधानसभा में तीन सीटें जीते थे, फिर हम 77 सीटें जीतकर आए। अब अगली बारी के लिए तैयार हो जाइए, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोदी का फॉर्मूला 370 लाएगा अभूतपूर्व चुनावी तूफान, पीएम ने पदाधिकारियों को समझाई रिकॉर्ड जीत की रणनीति



नई दिल्ली। प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में तीसरी पारी का मोदी फॉर्मूला सटीक निशाने पर लगा तो भाजपा की जीत का ऐसा इतिहास बन सकता है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए रिकार्ड होगा। देश भर से आए भाजपा प्रतिनिधियों के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने 370 का नारा भी दिया और मंत्र भी।

उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट जुटाने का लक्ष्य दिया है। अगर आंकड़ों में इसे बदला जाए तो भाजपा की पहुंच वाले लगभग साढ़े 8 लाख बूथों से अतिरिक्त वोट के रूप में ही भाजपा को लगभग 30 करोड़ वोट मिलेंगे।

### पीएम मोदी ने पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया

अगर 2019 के भाजपा के वोट में इसे जोड़ दिया जाए तो लगभग 97 करोड़ वोटर वाले देश में भाजपा 50 करोड़ को पार करती दिखेगी। इसी लिहाज से कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिन बूथ मजबूत करने पर केंद्रित रहने को कहा गया है।

नतीजे का अहसास किया जा सकता है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन पीएम मोदी ने पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 370 सिर्फ आंकड़ा नहीं है, बल्कि भावना है। 370 सीटों पर कमल खिलाकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देना है।

### भाजपा की चुनावी रणनीति

भाजपा की चुनावी रणनीति के साथ आत्मविश्वास और उत्साह को पीएम मोदी के इस संदेश से भी समझ सकते हैं कि उन्होंने कहा है कि 2019 की तुलना में इस बार प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट प्राप्त करने का प्रयास करना है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि पार्टी संगठन ने देशभर के 8.50 लाख से अधिक बूथों तक अपनी मजबूत पहुंच बना ली है। ध्यान रहे कि 13 राज्यों के चुनावों में पड़ने वाले कुल वोट का 50 फीसद हासिल कर चुकी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यह नफरत का नहीं मोहब्बत का देश, भारत को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति : राहुल गांधी



वाराणसी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं. उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है.

राहुल गांधी ने कहा, 'मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं. इस यात्रा में सबको लगना चाहिए कि वह अपने भाई से मिलने आये हैं.' उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का भारत.

इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की. राहुल गांधी ने पूछा, नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ. उन्होंने कहा, देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई.

### खुली जीप में सवार होकर पहुंचे काशी विश्वनाथ मंदिर

उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा खत्म कर देंगे... अरे किसी के बाप की जागीर है' दिल्ली, असेंबली में भाजपा पर अरविंद केजरीवाल का वार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा में शामिल हुए. उन्होंने अपने संबोधन में कहा, इस हाउस में हमारी मेजॉरिटी है. मेरे पास हमारे 2 एमएलए आए और कहा कि भाजपा वालों ने उनसे संपर्क किया है. हम इसका सबूत कैसे दें. कभी रिश्तेदार के यहां, तो कभी पार्क में आ जाते हैं. आम आदमी पार्टी प्रमुख ने ईडी के समन पर कहा कि भाजपा उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है. उन्होंने कहा, केजरीवाल को गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन केजरीवाल की सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे? सारा देश देख रहा है.

अब लोग प्रश्न पूछ रहे हैं कि क्या पीएम मोदी केजरीवाल को खत्म करना चाहते हैं, कुचलना चाहते हैं? आज दुनिया में बीजेपी का सबसे बड़ा चैलेंजर आम आदमी पार्टी है. अगर 2024 में भाजपा नहीं हारी तो 2029 में आम आदमी पार्टी देश को भाजपा से मुक्ति दिलाएगी. भाजपा विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सीएम



केजरीवाल के विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर कहा, हमने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से आग्रह किया कि मामले की जांच की जाए और अगर इसमें सच्चाई है तो कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. लेकिन अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी अपने आरोपों की जांच में दिल्ली पुलिस का सहयोग नहीं कर रहे हैं. अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने कहा कि बीजेपी के भविष्य को AAP से खतरा है. इसीलिए वह हमसे घबराई हुई है. दिल्ली में 70 में से 67 सीटें AAP की आईं और BJP को 3 सीटें मिलीं. इन लोगों ने केंद्र में सरकार बनने के बाद हमें बहुत तंग किया. लेकिन 2020 के दिल्ली चुनाव में 70 में से 62 सीटें आई. इन्हें दिल्ली की हार पचती नहीं है. भाजपा एक राज्य में बिजली मुफ्त करके दिखाए. पंजाब और दिल्ली में पॉवर कट जीरो हो गया है. भाजपा को मेरा चैलेंज है की वह गुजरात में 10 स्कूलों को ठीक करके दिखाए.

### दुश्मनी केजरीवाल से तो दिल्ली वालों से बदला क्यों ले रहे

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इन लोगों ने केजरीवाल के काम रोकने की कोशिश की. अस्पतालों में दवाई बंद करवा दी, टेस्ट बंद करवा दिए. इन लोगों को पाप लगेगा. दुश्मनी केजरीवाल से है, तो इसका बदला दिल्ली वालों से बदला क्यों ले रहे. दिल्ली के लोगों को मारना चाहते हो क्या? मेरे कमरे में चाय पिलाने वाले कर्मचारी तक पर मेरा कंट्रोल नहीं है. आईएएस अधिकारी और कर्मचारी रो रहे हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना का शुभारंभ कल केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान करेंगे



**राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा आयोजन**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को होने जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में पीएम श्री योजना का शुभारंभ 19 फरवरी को शाम 5.30 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है। इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 19 फरवरी को प्रदेशभर के आयकर ऑफिस के सामने कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस 19 फरवरी को मोदी सरकार खिलाफ प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। केंद्र की ओर से कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने निर्देश जारी किए हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों की लोकतांत्रिक गतिविधियों और सांगठनिक गतिविधियों पर तानाशाहीपूर्वक रोक लगाना चाहती है। इसलिए बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और क्रूर कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिला/शहर कांग्रेस कमेटियां 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालयों के आयकर कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। 19 फरवरी 2024 को आयोजित विरोध-प्रदर्शन में मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग, स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं शामिल होंगे। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले यह कदम उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। कांग्रेस के खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल हैं, न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिरता पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। सांसद दीपक बैज ने कहा कि दरअसल, भाजपा चाहती है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# कमलनाथ भाजपा में शामिल होने पर कर रहे हैं विचार, कांग्रेस से जताई 'नाखुशी' : सूत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने की जोरदार चर्चाओं के बीच मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि हालांकि उन्होंने अभी तक पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन वहां जो कुछ हो रहा है, उससे वह नाखुश हैं और उन्हें लगता है कि यह वह संगठन नहीं है जिसमें वह चार दशक पहले शामिल हुए थे. कमलनाथ के बेटे और सांसद नकुलनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के बायो से कांग्रेस हटा दिया है, जिसके बाद कमलनाथ और नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें और तेज हो गई हैं.

सूत्रों ने कहा कि शनिवार को दिल्ली पहुंचे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात नहीं की है और उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा जैसे नेताओं को यह कहते सुना है कि भाजपा में



शामिल होने के लिए उनका स्वागत है.

### कमलनाथ को मनाने में जुटी कांग्रेस

सूत्रों के मुताबिक, कमलनाथ ने अब तक कांग्रेस से इस्तीफे की पेशकश पार्टी आलाकमान से नहीं की है. कांग्रेस की ओर से कमलनाथ से संपर्क साधने की कोशिश की गई और बातचीत भी हुई है. कांग्रेस की ओर से कमलनाथ को मनाने की कोशिश की जा रही है. सूत्रों का दावा है कि अब तक कमलनाथ की तरफ से पार्टी छोड़ने का कोई संकेत या संदेश नहीं है. सूत्रों ने छिंदवाड़ा के लोगों का हवाला देते हुए बताया कि वहां के लोग चाहते हैं कि वह तेजी से विकास के लिए भाजपा में शामिल हों. सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मामले पर विचार कर रहे हैं. छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र का कमलनाथ ने नौ बार प्रतिनिधित्व किया है. कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ फिलहाल छिंदवाड़ा से सांसद हैं और अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह भी अपने पिता के साथ बीजेपी में शामिल होंगे.

### मैं उत्साहित नहीं हूं, ना इस तरफ, ना उस तरफ

कमलनाथ ने आज दोपहर दिल्ली पहुंचने के बाद भाजपा में शामिल होने की संभावना से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा, ''आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं. यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं. अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को जानकारी दूंगा. उन्होंने कहा, ''मैं उत्साहित नहीं हूं, ना इस तरफ, ना उस तरफ. अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को खबर करूंगा. कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने के सवालों का दिया गोलमोल जवाब, अटकलों को नहीं किया खारिज।

### इन कारणों के चलते बताए जा रहे हैं नाराज

विधानसभा चुनाव में हार के बाद कमलनाथ को पार्टी की मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था और उनके स्थान पर जीतू पटवारी को जिम्मेदारी सौंप गई थी. साथ ही कहा जा रहा है कि कमलनाथ राज्यसभा सीट नहीं मिलने से नाराज हैं और पिछले साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के हारने के बाद से राहुल गांधी भी उनके विरोध में हैं.

# मशहूर कवि गुलजार, संस्कृत विद्वान रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित

नई दिल्ली। प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है. ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की. गुलजार के नाम से मशहूर संपूर्ण सिंह कालरा हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं.

चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और चार महाकाव्य समेत 240 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं. ज्ञानपीठ चयन समिति ने एक बयान में कहा, यह पुरस्कार (2023 के लिए) दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है-संस्कृत साहित्यकार जगद्गुरु रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार गुलजार. इससे



पहले गुलजार को उर्दू में अपने कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं. उनके कुछ बेहतरीन कार्यों में फिल्म 'स्लमडॉग मिलयेनियर' का गीत 'जय हो' शामिल है, जिसे 2009 में ऑस्कर पुरस्कार और 2010 में ग्रैमी पुरस्कार मिला. समीक्षकों ने प्रशंसित फिल्मों जैसे 'माचिस' (1996), 'ओमकारा' (2006), 'दिल से' (1998) और 'गुरु' (2007) सहित अन्य फिल्मों में गुलजार के गीतों को सराहा. गुलजार ने अपनी कविताओं के माध्यम से हमेशा कुछ नया रचा है. पिछले कुछ समय से वह बच्चों की कविता पर भी खास ध्यान दे रहे हैं.

रामभद्राचार्य रामानंद संप्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानंदाचार्यों में से एक हैं और 1982 में उन्हें यह उपाधि मिली थी. 22 भाषाओं पर अधिकार रखने वाले रामभद्राचार्य ने संस्कृत, हिंदी, अवधी और मैथिली सहित कई भारतीय भाषाओं में रचनाओं का सृजन किया है. 2015 में उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार मिला. रामभद्राचार्य की वेबसाइट के अनुसार, उनका नाम गिरिधर मिश्र था. दो महीने की उम्र में एक प्रकार के संक्रामक रोग 'ट्रेकोमा' के कारण उनकी आंखों की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झारखंड का पॉलिटिकल ड्रामा दिल्ली हुआ शिफ्ट, चंपई सरकार की बढ़ी मुश्किलें, कैबिनेट गठन से कांग्रेस के 12 एमएलए नाराज

झारखंड की चंपई सरकार की मुसीबत फिर बढ़ती दिख रही है, 12 कांग्रेस विधायक कैबिनेट गठन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार से नाखुश हैं। कांग्रेस विधायक झारखंड विधानसभा सत्र में भाग नहीं ले रहे हैं और इनमें से कई शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

झारखंड में राजनीतिक भूचाल थमने का नाम नहीं ले रहा है, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, इस्तीफा से शुरू हुई या सियासी हलचल में एक तरफ चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने बहुमत साबित किया, लेकिन सरकार के कैबिनेट विस्तार से फिर एक बार झारखंड में राजनीतिक भूचाल गया है. दरअसल, चंपई सोरेन के कैबिनेट में कांग्रेस कोटे के पुराने मंत्रियों को दोबारा से मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ग्रहण दिलाए जाने के कारण झारखंड कांग्रेस के लगभग 12 विधायक बागी हो गए हैं. इस बीच, झारखंड के



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं, जहां वे एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से रविवार को मुलाकात करेंगे।

शुक्रवार को राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व कांग्रेस पार्टी के लगभग 12 नाराज विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह के बहिष्कार करने का फैसला लेते हुए सर्किट हाउस में बैठक की थी. हालांकि झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के लक्ष्मण मनवाल के बाद सभी विधायक जिद छोड़कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, लेकिन विधायकों की नाराजगी कम नहीं हुई। शनिवार को कांग्रेस कोटे के नाराज लगभग 10 विधायको ने आज पूरे दिन बैठक की, कभी सर्किट हाउस में बैठक की, तो कभी किसी विधायक के घर और अंत में रांची के बिरसा चौक स्थित होटल रासो में, हालाकि पूरे दिन चली सियासी बैठक का कोई रिजल्ट नहीं निकाला और अंततः कांग्रेस के नाराज 8 विधायक दिल्ली के लिए रवाना हो गए, जबकी दो विधायकों के कल दिल्ली जाने की बात कही जा रही है।

### पुराने कांग्रेस के मंत्रियों को हटाने की मांग

कांग्रेस के नाराज हुए विधायकों में एक ने कहा कि पुराने चारों मंत्रियों का परफॉर्मेंस सही नहीं है. मंत्री न विधायकों का फोन नहीं उठाते हैं ना ही कार्यकर्ताओं का कोई काम करते हैं, ऐसे नॉन परफॉर्मर को दोबारा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मंडी में आवक हुई कमः श्रीराम धान जा रहा 28 सौ के पार

## धान खरीदी बंद होने से मंडी में बचे-खुचे धान लेकर पहुंच रहे किसान

राजनांदगांव (दावा) गत 4 फरवरी से किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी बंद हो चुकी है। किसानों ने अपने पैदावारी के बड़ी मात्रा में धान सोसायटियों में बेच चुके है अब बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में किसान बचे-खुचे हुए धान ही लेकर ही लेकर ही आ रहे है। इससे मंडी में आवक काफी घट गई है।

बताया जा रहा है कि मंडी में रोजाना बामुश्किल बारह-पंद्रह सौ कट्टा धान आ रहा है। महमाया धान का आना तो लगभग कम सा हो गया है, इससे पोहा मिल वालों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है।

बता दे कि बीते वर्षों में इसी अवधि के मंडी में औसत आवक तीन हजार कट्टा से अधिक था। इस बार अधिकांश किसानों ने सोसायटियों में लगभग अपना धान समर्थन मूल्य में बेच लिया है। इस कारण मंडी में गिनती के ही किसान कम मात्रा में धान लेकर पहुंच रहे है। यही कारण है कि नीलामी में किसानों को अपनी उपज की अच्छा दाम मिल रहा है।



शुक्रवार को पतला किस्म वाला धान 2800 रूपए क्विंटल गया और व्यापारियों द्वारा हाथो-हाथ उठा लिया गया। आलम यह रहा कि शनिवार को उक्त पतला किस्म वाला श्री रामधान का एक दाना भी मंडी में नहीं पहुंच पाया। अडतिए घनश्याम शर्मा ने बताया कि व्यापारियों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा के चलते अन्य धान को भी अच्छा भाव मिल रहा है।

### धान के दाम पर एक नजर

मंडी सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शनिवार 17 फरवरी को मंडी में मात्र 1545 बोरा धान की कुल आवक हुई जिसमें कठानी की आवक 344 कट्टा तथा चना 79 कट्टा ही आ पाया। शुक्रवार को पतले किस्म का श्री राम धान 2700 से 2811 रूपए तक में बिका, वही दूसरे दिन शनिवार को मंडी में इसकी आवक हुई ही नहीं। महामाया 2400 से 2618 में बिका, वही पतले किस्म के आराएमपी धान को 3376 से 2380 तक में बेचा गया। सबसे कम दाम खदवन व एक हजार एक धान 21 सौ से 40 व 50, सरना भी 21 सौ 80 से लगभग 22 सौ रूपए तक गया। वीपीटी धान 2400 तक ज्यादा दाम में गया। सफेद सरना व महामाया हल्का तथा श्री राम धान लगभग गायब रहे। इसी तरह चना देशी 5300 से 5800 तक मसूर 5 हजार से 5350 तक, सोयाबीन 3690 व लाखड़ी 4251 से 4475 तक प्रति क्विंटल बिका। बताया जा रहा है कि मंडी में कम आवक होने की वजह से किसानों को अपने उत्पादक ज्यादा दाम मिल रहे है।

### धान की आवक कम

अड़तिए ने बताया कि मंडी में पर्याप्त मात्रा में धान नहीं आने की एक वजह सरकार द्वारा प्रति एकड़ किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी करना है। किसान 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की लालच में अपनी फसल सोसायटियों में बेच दे रहा है। यहां तक कि जिनके पास अपने खेतों की उपज धान नहीं है। वे भी तथा कोचिए भी मंडी अथवा अन्य स्थानों से सस्ते में धान खरीद कर सोसायटियों में बेचने में मशगुल रहे। अब किसानों के पास शायद खाने के लिए ही धान बचा हुआ है। बाकी सब 31 सौ रूपए क्विंटल की दर पर बेचे चुके है। ऐसे में मंडी में धान की आवक कम तो होगी ही। उन्होंने बताया कि हजार-पंद्रह सौ कट्टा धान आने से मंडी के रेजा हमाल-कर्मचारी क्या कमाएंगे? और क्या अपने घर-परिवार का भरण पोषण कर पाएंगे?

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के लिए किया धरना प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संबंध में आवाज बुलंद की है। उनका सरकार से मानदेय में वृद्धि करने सहित अन्य सुविधाएं देने संबंधित मांगे हैं। उनका कहना है कि हम आंगनबाड़ी के सभी बहनें केन्द्रीय और राज्य सरकार के हर योजनाओं को घर-घर जन-जन तक पहुंचाकर शासन का कार्य कर रहे है। आइसीडीएस की यह योजना सन् 1975 से लागू हुये लगभग 50 वर्ष होने को है लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को अभी तक ना तो मजदूर का और ना ही शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिल पाया है। काम के समय शासकीय कर्मचारी से भी ज्यादा जिम्मेदारी दी जाती है और जब जीने लायक येतन सुविधाओं की बात आती है तो समाज सेविका का भी परिवार होता है उसका भी पेट होता है। आज के इस भीषण मंहगाई में पचास वर्ष होने को है उसमें केन्द्र सरकार से हमें मात्र महज 4500 रु. ही मानदेय मिल रहा है। जो कि इस महंगाई के जमाने में जीने लायक वेतन नहीं है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब हम ये बात कहते है तो राज्य सरकार कहती है कि ये केन्द्र की योजना है और केन्द्र से मांग करते है तो केन्द्र सरकार कहती है कि राज्य सरकार पूरा करेगी ।लेकिन आज के स्थिति में केन्द्र और राज्य दोनों मे आपकी सरकार है इसलिये अब हमें आप दोनों सरकार से इस बात की बहुत उम्मीद और विश्वास है कि आप हम नारी शक्ति का सम्मान करते हुये हमारी मांगों पर सहानुभुति पूर्वक विचार करते हुये आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व पूरा करेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगें

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी और सहायिकाओं को शिक्षा कर्मियों, पंचायत कर्मियों की तरह नीति निर्धारण कर शासकीय कर्मचारी घोषित किया जावे एवं नर्सरी शिक्षक के पद पर उन्नयन किया जावे। शासकीय कर्मचारी घोषित किये जाने तक श्रम कानून के तहत न्यूनतम पारिश्रमिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी कार्यकर्ता को कम से कम प्रतिमाह 21000 रु. और सहायिका बहनों को कार्यकर्ता के मानदेय 21000 रु. का 85 प्रतिशत राशि 17850 रु. स्वीकृत किया जावे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन को कांग्रेसी नेता कुलबीर छाबड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है।

# बागनदी पुलिस आरक्षक हत्या मामले में नौंवा पशु तस्कर भी पकड़ाया



राजनांदगांव (दावा)। बागनदी पुलिस आरक्षक की हत्या के मामले में पुलिस ने नौंवा आरोपी को भी धर दबोचा है। उन्होंने मामले के मुख्य आरोपी के साथ मिलकर पायलेटिंग कर मवेशी गाड़ियों को बॉर्डर पार कराता था। उक्त आरोपी कैलाश सेलोकर को भंडारा महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी कैलाश के खिलाफ भा.द.वि. की धारा 307,302,34,120 बी, छ.ग. पशु परि. अधि. 4,6,10 पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बताया जाता है कि उक्त मामले के विवेचना दौरान प्रकरण में संलिप्त आरोपी कैलाश सेलोकर पिता स्व. मुरली सेलोकर उम्र 38 साल निवासी अशोक नगर थाना अड़याल जिला भंडारा महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया। जो पूर्व में गिरफ्तार मामले के मुख्य आरोपी मयूर उर्फ़ मर्डर सावरकर के साथ जप्त आर्टिगा कार से घटना दिनांक 09 फरवरी 2024 को पुलिस मूवमेंट की रेकी कर पायलेटिंग करते मवेशियों से भरे पिकअप वाहन को बार्डर पार करा रहा था। आरोपी का पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 31 एफ सी 5081 भी घटना दिनांक को पशु को लोडकर बॉर्डर पार किया था।

पुलिस के समक्ष आरोपी द्वारा घटना मे शामिल होना स्वीकार किया गया है। आरोपी कैलाश सेलोकर पिता स्व. मुरली सेलोकर उम्र 38 साल निवासी अशोक नगर थाना अड़याल जिला भंडारा महाराष्ट को शनिवार 17.फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल राजनांदगांव एवम थाना बागनदी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युगांतर में प्रवेशोत्सव व सरस्वती पूजन का शानदार आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में संस्था में नए प्रवेश लेने वाले प्री प्राइमरी और प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया । इस दौरान विद्यालय में एडमिशन लेने वाले बच्चों और उनके पालकों का स्वागत किया गया। विद्यालय में बसन्त पंचमी के अवसर पर विद्यारंभम् संस्कार के जरिये एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियो से अक्षर ज्ञान पूजन कराया गया।

14 फरवरी से आगामी एक मार्च तक एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एडमिशन फीस में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। नर्सरी से के जी टू तक विद्यार्थियों को एडमिशन फीस में 5500 रूपए तथा कक्षा पहली से बारहवी तक के विद्यार्थियों को 8000 रूपए विशेष छूट मिलेगी।



बसंत पंचमी में विद्यारंभम् संस्कार के जरिये विद्यार्थियों का एडमिशन विशेष रियायत के साथ शुरू

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना ही युगांतर का प्रमुख उद्देश्य रहा है। इसके लिए संस्था ने सदैव ट्रेन्ड सेन्टर का कार्य किया है। यह ज्ञातव्य हो कि संस्था में बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए हर तरह की सुख-सुविधाएँ उपलब्ध है। यही नहीं बच्चों से स्पोर्ट्स डे तथा एनुअल डे का अलग से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इस दिशा में युगांतर ने अपनी 27 सालों की यात्रा में सुन्दर मुकाम हासिल किया है। यहाँ अध्ययन किए हुए बच्चे देश-विदेश में कई बड़े पदों पर सुशोभित हैं। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए नौनिहालों को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने शाला प्रवेशोत्सव की बधाई दी।

विद्यालय में बसन्त पंचमी के अवसर पर माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कक्षा दसवी और बारहवी के विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल व निदेशक नरेंद्र कोटड़िया के साथ हवन-पूजन में भाग लिया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओ तथा विद्यार्थियों ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके पहले मोर्निंग एसेंबली में प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने संस्कृत के श्लोक का वाचन करके माता सरस्वती की महिमा से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता गुरूजनों को प्रतिदिन प्रणाम कर आशीर्वाद लेने हेतु प्रेरित किया।

# एन.पी.एस. में पितामह-पितामही दिवस पर गरिमामय आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। जिले की ख्यातिलब्ध एवं अग्रणी शिक्षा संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में विगत दिनों पितामह-पितामही दिवस का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव के सुविख्यात शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र गांधी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शीला गांधी थे।

आयोजन में प्री-नर्सरी से के.जी.-2 तक के छात्र-छात्राओं के दादा-दादी एवं नाना-नानी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा क्रीड़ा स्पर्धाओं में समस्त बुजुर्गो ने पूर्ण उत्साह के साथ अपनी सहभागिता देकर आयोजन को मनोरंजक बना दिया। इस अवसर भजन गायन, कविता गीत, लोकगीत फैन्सी, ड्रेस तथा विभिन्न खेलों को आयोजन किया गया।

भजन गायन प्रतियोगिता में श्रीमती कल्पना ठक्कर प्रथम, हनुमान प्रसाद शर्मा द्वितीय, श्रीमती नाजु बाई तृतीय स्थान पर रहे, फैन्सी ड्रेस रमेश ओस्तवाल-श्रीमती राजकुमारी ओस्तवाल प्रथम, पवन कुमार यादव-श्रीमती मधु बाई यादव द्वितीय तथा श्रीमती कमला अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे, फिल्मी गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती रानी घई तथा द्वितीय स्थान प्रकाश गुप्ता ने प्राप्त किया। इसी तरह लोकगीत गायन में पवन कुमार यादव प्रथम, द्वितीय श्रीमती रेखा भेंडेकर तथा श्रीमती रोजम्मा जेन्क्रेया तृतीय स्थान पर रहे। कविता प्रस्तुतिकरण के लिए मेघराज जैन भी पुरूस्कृत किए गए। सांस्कृतिक आयोजन के साथ ही विभिन्न मनोरंजक खेलों में भी समस्त आमंत्रित पितामह-पितामही समूह ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। चेन गेम में प्रथम श्रीमती अनीता शर्मा, स्ट्रागेम 'कपल गेम' प्रकाश गुप्ता एवं धर्मपत्नी, पिरामिड गेम श्रीमति उर्मिला ग्वालवंशी इन सभी ने विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में फर्स्ट एराईवल के रूप में जगन चकोले व सुंदर वेशभुषा में शाला प्रांगण में पधारे गौतम नाहर एवं उनकी धर्मपत्नी को विशेष पुरूस्कार के रूप में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शाला प्राचार्या सुश्री भारती गौते, प्रबंध निदेशक संतोष कांकरिया सहित निदेशक द्वय पुरूषोत्तम ठक्कर तथा अर्काटकर भी उपस्थित थे। आयोजन का कुशल मंच संचालन एकेडेमिक इंचार्ज श्रीमती लक्ष्मी चौहान एवं शिक्षिका श्रीमती पूजा दामले ने किया। प्री-प्राईमरी विंग की एकेडेमिक इंचार्ज नुसरत बानो के मार्गदर्शन में संबद्ध शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम की सफलता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना बसंत पंचमी का पर्व

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में सरस्वती पूजन का आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा एवं समस्त शिक्षकगण तथा प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन व आरती करके मां सरस्वती जो बुद्धि, विद्या, ज्ञान, संगीत और कला की देवी का आह्वान कर भजन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर मां सरस्वती का पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ट्रेडिंग कम्पनी के झांसे में आकर शहर के युवक ने गवाएं लाखों रुपए

**पीड़ित युवक ने पुलिस से लगाई मदद की गुहार**

राजनांदगांव (दावा)। ऑनलाईन ट्रेडिंग कम्पनी के झांसे में आकर नगर के एक युवक ने अपनी जमा पूंजी लाखों रूपए गंवा डाला। अब उक्त पीड़ित युवक उक्त रकम पाने पुलिस की शरण में है तथा मदद हेतु पुलिस से गुहार लगाई है।

बताया जाता है कि ऑनलाईन ट्रेडिंग कम्पनी के जरिए लाखों रूपए कमाने के चक्कर में मोटी रकम गवाने वाले खंडेलवाल कालोनी निवासी योगराज साहू ने बसंतपुर पुलिस से कम्पनी के विरूद्ध शिकायत की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित युवक ने तत्संबंधित लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। श्री मिश्रा मुताबिक युवक योगराज साहू का 2 जनवरी को बीट क्वाईन आप्शन ट्रेडिंग कम्पनी की ओर से काल आया जिसमें कम्पनी द्वारा युवक योगराज को कम्पनी में निवेश करने पर फायदा होने का झासा दिया गया। इससे उक्त पीड़ित युवक कम्पनी के झांझे में आ गया और अलग-अलग किस्तों में 11 लाख 30 हजार रूपए उक्त कथित कम्पनी में निवेश कर दिए। निवेश से पहले कम्पनी का एक महिला योगराज से निरंतर सम्पर्क में थी। उसके द्वारा निवेश से पूर्व पीड़ित को आश्वस्त किया गया कि 5 दिन के भीतर टैक्स और मूलधन समेत वापिस रकम निकाल सकते है।

पांच दिन बाद युवक ने जैसे ही रकम निकालने की कोशिश की उसी दौरान कम्पनी से फिर काल आया कि ऐसा करने पर टैक्स में भारी कटौती होगी। इस तरह पीड़ित योगराज को लगातार कम्पनी द्वारा छला गया। अब इस मामले में योगराज पुलिस की शरदा में है तथा मदद की गुहार लगाई है।

# स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सुनील वर्मा (सोनी) का निधन



राजनांदगांव (दावा)। नगर स्वर्णकार समाज के ऊर्जावान अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा (सोनी) आयु 64 वर्ष का आज शाम निज निवास में निधन हो गया। श्री वर्मा का स्वास्थ्य विगत कुछ माह से ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने स्वर्णकार समाज के सामाजिक कार्यक्रमों में महती भूमिका निभाई। दिवंगत श्री वर्मा ने अपने पीछे दो पुत्रों एवं एक पुत्री सहित भाई अरविंद सोनी तथा बहन का भरा पूरा परिवार छोड़ा है । उनकी अंतिम यात्रा कल 18 फरवरी को उनके निवास महेश नगर के सामने ,पेट्रोल पंप के समीप से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह — रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN — SILVER SCREEN Multiplex
17th Feb to 22nd Feb 2024




Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# संस्कार सिटी में नन्हें बच्चों का मनाया गया ग्रेजुएशन डे




राजनांदगांव (दावा)। के संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल एवं संस्कार किड्स स्कूल में एक बेहद ही खूबसूरत नजारा देखने को मिला। जिसमें क्लास वन में प्रवेश कर रहे नन्हे-मुन्ने छात्रों का ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेट किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी किया। इस ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेशन में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता भी मौजूद रहे जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और गाना गाकर अपने सेलिब्रेशन को और रोमांचक बनाया।

बच्चों के इस ग्रेजुएशन डे पर पेरेंट्स भी बहुत उत्साहित नजर आए और उन्होंने कहा कि यह बच्चों को आगे बढ़ने और जिंदगी में कुछ करने के लिए प्रेरित करने का एक बहुत ही अच्छा मार्ग है। पेरेंट्स के लिए भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होनें ने भी बढ़ चढकर भाग लिया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। मंचस्थ अतिथियों का आत्मीय स्वागत संस्कार सिटी एवं संस्कार किड्स के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी जी ने पेरेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जो कुछ भी करना चाहते हैं आप उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक करने की अनुमति दें उन्हें देखें कि वह क्या कर रहे हैं ना कि उन्हें अपनी पसंद बताएं। उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक वह करने दें जो उन्हें पसंद हो और फिर उनकी कामयाबी का आप आनंद लें। ग्रेजुएशन डे प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद बच्चों ने अपनी कैप आसमान में उड़ाकर ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संस्था प्रबंधगणों ने समस्त टीम को बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दी।

# संस्कार श्रद्धांजलि ने दी तीन शवों को सद्गति



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ निवासी रमन गोस्वामी की तबीयत बिगड़ने पर उनकी धर्मपत्नी बृहस्पति गोस्वामी ने जिला चिकत्सालय पेंड्री में 1 फरवरी को भर्ती कराया था। जहां इलाज के दोरान 17फरवरी को उनकी मृत्यु होने पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ महेश देवांगन ने संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ को दूरभाष पर सूचित कर बताया की मृतक रमन गोस्वामी के साथ उनकी पत्नी के अलावा और कोई नहीं है।

आर्थिक स्थिति दयनीय होने से वे डोंगरगढ़ ले जाने की स्थिति में नहीं है। संस्कार श्रद्धांजलि की पहल पर स्थानीय मुक्तिधाम परिसर में पूर्ण विधिविधान के साथ श्रीमती गोस्वामी की उपस्थिति में पार्थिव शरीर का विधि विधान के साथ मुक्तिधाम परिसर में अग्निदाह से अंतिम संस्कार किया। इससे पूर्व संस्था द्वारा तुमडीबोड़ थाने व सोमनी थाने के अंतर्गत अज्ञात शवों को सदगती दी।

अंतिम संस्कार के दौरान संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़, प्रेम दिलवाले, मोहन साहू, राजू रावटे, रहमान खान उपस्थित थे।

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक लखोली, तहसील जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**सीमांकन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/179/प्रवा.तह. /2024 राजनांदगांव दिनांक 15/ 02 / 2024 के अनुसार आवेदक तरूण कोटडिया आ. जीवनचंद निवासी कामठी लाईन तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 रा.नि.म. लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 9 रकबा 0.632 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन गठित दल द्वारा दिनांक 26/02/2024 दिन सोमवार समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में ग्राम लखोली पटवारी हल्का नं. 42 स्थित खसरा नंबर 9 के संबद्ध समस्त हितबद्ध पक्षकार उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

**जारी दिनांक-15-02-2024**

राजस्व निरीक्षक
राजस्व निरीक्षक मंडल लखोली

### शुभांक

अनुमानित — बी. के.

390-2 168-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पी-4 सद्भावना क्रिकेट का हुआ रंगारंग शुभारंभ



राजनांदगाव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आज संध्या दिग्विजय स्टेडियम मैदान में रंगारंग शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर न्यायाधीश दीपक गुप्ता, एडीजे थॉमस एक्का, विशेष न्यायाधीश भूपत साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट, कलेक्टर व आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के आतिथ्य में आयोजित हुआ।

पी-4 प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा चौथे वर्ष आयोजित सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में राजनांदगांव के खेल प्रेमियों के सहयोग की सराहाना करते हुए कहा कि जिस प्रकार यंहा की हॉकी स्पर्धा 80 वर्षो से लगातार संचालित हो रही है, ठीक उसी प्रकार इस क्रिकेट प्रतियोगिता की ख्याति अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के जो नियम है वह अपने आप में ही अनोखे है, जिससे खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों में भी मनोरंजन के साथ आंनद पैदा करता है और सभी वर्गो में सद्भावना का संदेश भी देता हैं।

**न्यायाधीश, कलेक्टर, एस.पी. ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया**

इस अवसर पर दुर्ग के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने इस गारिमामय व भव्य आयोजन के लिए खेलधानी के साथ ही आयोजकों व खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि इस आयोजन का जो मुख्य उद्देश्य है वह सभी में सद्भावना बने रहने साथ ही हर वर्ग की भागीदारी हो यह एक अच्छा संदेश है। यह आयोजन शुद्ध रूप से मनोरंजन के साथ ही खेल में अनुशासन को भी प्रगट करता है। इससे पूर्व आयोजन समिति की ओर से संयुक्त कलेक्टर व स्टेडियम के प्रभारी अधिकारी खेमलाल वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में आयोजन की रूप रेखा से सभी को अवगत कराया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अतिथियों ने मैदान पर पहुंच कर डॉक्टर इलेवन व पुलिस इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं दोनों टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात् सभी उपस्थितजन राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जयकारों के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा रंगारंग आतिशबाजी भी की गई।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से आयोजन समिति के सचिव व आयुक्त अभिषेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूलदेव शर्मा, एस.डी.एम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, सी.एस.पी. अमित पटेल, जितेन्द्र मिश्रा, शंशाक तिवारी, सचिन अग्रहरि, सौरभ मिश्रा, योगेश बागडी, भावेश बैद, ललित भंसाली, डॉ.प्रकाश खुटे, गणेश प्रसाद शर्मा, कमलेश सिमनकर, रूपेश दुबे, संजय सिंगी, दीपांकर खोब्रागढे, मनोज चौहान, ललित ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, तीरथ गोस्वामी, विपिन ठाकुर, शरद श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# मवेशी भरे वाहन को छोड़कर हो फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। पशु तस्करी मामले में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए आरोपी को गैंदाटोला पुलिस ने धर दबोचा है। बताया गया कि उक्त पशु तस्करी के मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के पता तलाश जारी है। गैंदाटोला पुलिस ने गिरफ्तार किए फरार आरोपी का नाम शेख फैजान पिता शेख अमीर उम्र 27 निवासी कारंजा, जिला वाशिम, महाराष्ट्र बताया जाता है। बता दें कि गत 11 फरवरी की रात्रि डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही टाटा ट्रक क्रमांक में एमएच-40/बीजी 9498 को थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टाफ के द्वारा ग्राम छुरियाडोंगरी के पास रोका गया था, जो वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ाकर मौके पर छोड़कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। वाहन ट्रक मे 29 नग मवेशी को ठुस-ठुसकर भरकर, क्रुरता पुर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र की ओर काटने हेतु बुचड़ खाना ले जाते पाये जाने पर 29 नग मवेशी एवं एक वाहन जुमला कीमती 3,29,000 रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा-4,6,10 छ.ग.कृ. प.परि. अधि. 11 पशु क्रूरता अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी से पूछताछ एवं विवेचना दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने पर मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले के अन्य संलिप्त आरोपियों का पतासाजी किया जा रहा है।

# जप्त ईटों को भट्ठा मालिक ने बेचा, आखिर किसने दी अनुमति ?

*(अभिषेक त्रिपाठी)*



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखण्ड के ग्राम सेम्हरबाँधा में अवैध रूप से हो रहे संचालित ईंट भट्ठा पर लगभग दो महीने पहले अम्बागढ़ चौकी नायब तहसीलदार दिनेश साहू के निर्देश पर हल्का पटवारी के द्वारा कार्रवाही कर जगह पर ईटों को जप्त करते हुए पंचनामा बनाकर ग्राम पटेल को सौंपा गया था लेकिन ईट भट्ठा संचालक और अधिकारियों की साथ गाठ के चलते ईंट भट्ठा के मालिक ने बिना किसी अनुमति के ईटों को बेच दिया गया और जब इसके संबंध में अधिकारियों से बात की गई तो गोलमोल जवाब देने लगे जबकि ईटों को बेचे जाने की खबर ग्राम पटेल को भी नही होने की बात कही गई तो फिर आखिर किसके अनुमति पर ईट भट्टा संचालक ने ईंट को बेच दिया क्या उसे किसी अधिकारी का डर नही है या फिर उनका संरक्षण मिला हुआ है तहसील कार्यालय से उसे किसी प्रकार की अनुमति दी गई है या फिर प्रशासन के नियम कानून को ठेंगा दिखाते हुए अपनी मनमानी कर ईंट को बेच दिया गया है ज्ञात हो कि चक्रधारी नाम का व्यक्ति सेम्हरबांधा शिवनाथ नदी तट से लगे जगह पर कुछ सालों से बिना किसी अनुमति के लाल ईटो का कारोबार कर रहा है जबकि नदी से पानी चोरी, बिजली चोरी यहां तक कि नदी के पास से ही मिट्टी को खोद कर ईटो का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत राजस्व विभाग के अधिकारियों से की गई थी जिनके द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर ग्राम पटेल को सुपुर्द किया गया था लेकिन ईंट भट्ठा संचालक ने बिना किसी के अनुमति के ईटो को बेच दिया है अब देखना यह है कि अधिकारी जप्त किए गए ईंट पर क्या कार्यवाही करती है जगह से ईंट तो गायब हो चुका है लेकिन अब देखना यह है कि संचालक पर अधिकारी मेहरबान होते है या फिर कार्रवाही करते है।

**दो माह पूर्व सेम्हरबांधा में अवैध ईंट भट्ठा पर हुई थी कार्रवाही**

# पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय शराब की खेप पकड़ी गई

**80 हजार की शराब व 3 लाख की कार की गई जप्त**



डोंगरगढ़ (दावा)। मध्यप्रदेश निर्मित 180 बोतल अंग्रेजी शराब व इसके परिवहन में उपयोग लाई गई कार को डोंगरगढ़ पुलिस की टीम द्वारा पकड़ कर जप्त किया गया। शराब की कीमत 80,100 रू. एवं घटना में प्रयुक्त एक स्वीफ्ट डिजायर वाहन कीमती 3 लाख रू. कुल जुमला कीमती 3,80,100 रूपये की जप्ती पुलिस द्वारा की गई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि,अवैध शराब एवं तस्करी करने वालों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही।गिरफ्तार किए गए आरोपी गामन निषाद पिता मोहन लाल उम्र 38 साल बुधवारीपारा डोंगरगढ़ का निवासी है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुलदेव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में दिनांक 17 फरवरी को मछली बीज पालन केन्द्र के सामने बोरतलाव रोड पुलिया के पास एमसीपी लगाकर बोरतलाव महाराष्ट्र बार्डर की ओर से आने वाली गाडियों को चेक कर रहे थे कि जरिये मुखबीर सूचना मिली कि अवैध रूप से मध्य प्रदेश निर्मित शराब सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर वाहन में परिवहन कर रहे हैं कुछ समय बाद स्वीफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक सीजी-07/ एआर 7389 तेज गति से आ रही थी जिसे डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा घेराबंदी कर रोका गया।

मामला 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक महादेव साहू, आरक्षक गोपाल पैकरा, आरक्षक प्रयंश सिंह, आरक्षक राजेन्द्र साहू एवं आरक्षक गजेन्द्र भारद्वाज थाना डोंगरगढ़ का विशेष योगदान रहा।

# दिग्विजय महाविद्यालय में विकसित भारत/2047 पर पोस्टर प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भारत के नीति आयोग की योजना विकसित भारत/2047 के प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता के दौरान विकसित भारत/2047 के विभिन्न दृश्यगत क्षेत्रों जैसे बालिका शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, सड़क सुरक्षा, तकनीकी का जीवन मे उपयोग, पर्यटन उद्योग में सम्भावना, कृषि आधारित उद्योगों का महत्व को दर्शाते हुए पोस्टर बनाये गए। इस प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 के को मुख्यतया पेपर पर चित्रों के रूप में उकेरा गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के कुल 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की विजेता याशी शर्मा रही जबकि द्वितीय स्थान जया, हिमांशी सिन्हा एवं संस्कृति देशमुख को संयुक्त रूप से मिलास प्रतियोगिता के निर्णायक मानवशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अंजलि मोहन कोडोपी एवं रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष युनुस रजा बेग रहे। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता के के नियमों से अवगत करवाया गया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती सुमन कोचर, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं श्रीमती रोहिणी समरित कंप्यूटर विज्ञान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष यूनुस रजा बेग ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें चित्रकारी की बारीकियों से अवगत करवायास उल्लेखनीय है कि श्री बेग स्वयं भी एक अच्छे चित्रकार हैं। सहायक प्राध्यापक हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, श्रीमती प्रियंका सिंह, विकास कांडे, शरद तिवारी, सुश्री भारती यारदा उपस्थित रहे।

# स्टेशन में रेल यात्री सुविधाओं पर नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी से हुई चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। नागपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जितेन्द्र काथरानी ने आज अपरान्ह स्थानीय रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिये अपने दल-बल के साथ विशेष सेलून से पहुँची दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी से मिलकर रेल यात्री सुविधाओं पर चर्चा की। स्टेशन पहुँचने पर श्री काथरानी ने मंडल रेल प्रबंधक का फूलों के गुलदस्ते से आत्मीय स्वागत किया।

जितेन्द्र काथरानी ने नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी से खासकर स्टेशन परिसर स्थित माल गोदाम की शिफ्टिंग और नये प्लेटफार्म का निर्माण तथा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अंतर्गत विगत वर्षों से प्रस्तावित डोंगरगढ-कटघोरा वाया कवर्धा रेल लाईन के सबंध में कार्य की प्रगति की जानकारी ली। श्रीमती त्रिपाठी ने बतलाया कि नये माल गोदाम के लिये एप्रोच रोड का कार्य चल रहा है। पूर्ण होते ही स्टेशन परिसर में स्थित वर्तमान माल गोदाम को विस्तापित कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि वर्तमान माल गोदाम के स्थान पर नये प्लेटफार्म के निर्माण से शहर की एक बड़ी आबादी को लाभ होगा। जबकि स्टेशन के उत्तरी भाग में उद्यान और कुछ निर्माण को समतल कर उसके स्थान पर वाहनों की पार्किंग का कार्य द्रुत गति से जारी है। प्रस्तावित डोंगरगढ- कटघोरा रेल लाईन के संबंध में उन्होंने फिलहाल कार्य संपादित नहीं होने की जानकारी दी। श्री काथरानी ने मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती त्रिपाठी से टिकट काउंटर से मासिक पास की सुविधा को जारी रखने का अनुरोध किया। वर्तमाान में यू टी एस एप के माध्यम से मासिक पास तथा अनारक्षित टिकट बनवाने के लिये रेल विभाग द्वारा यात्रियों को प्रोत्साहित करने की जानकारी मिली है। वहीं समीपस्थ ग्राम पेन्ड्री की बड़ी आबादी एवं मेडिकल कॉलेज फेकल्टी, स्टुडेण्ट एवं स्टॉफ की सुविधा के लिये समीप से गुजरने वाली रेल लाईन में लोकल एवं पैसेंजर गाड़ियों का हाल्ट देने के अनुरोध पर मंडल रेल प्रबंधक ने लिखित प्रस्ताव मिलने पर ही इस संबंध में कार्यवाही से इंकार नहीं किया। अधिकारीगणों ने लगभग 45 मिनट तक स्टेशन परिसर का जायजा लिया।

इस दौरान बडी संख्या में नागपुर रेल डिविजन के शीर्षस्थ अधिकारी प्रभारी स्टेशन प्रबंधक सुजीत कुमार एवं स्थानीय स्टॉफ भी मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिले राजेश श्यामकर



राजनांदगांव(दावा)। गत दिनों विधानसभा रायपुर पहुंचकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के कद्दावर नेता राजेश श्यामकर ने मुलाकात किया। श्री श्यामकर ने उप मुख्यमंत्री को घुमका मंडल और जिला पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के विषय को लेकर अवगत कराया और साथ ही साथ ग्राम पदमपुरा में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जिस पर श्री शर्मा ने आमंत्रण को सहज स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के साथ जनपद सदस्य शीला टांकेश सिन्हा, महामंत्री परदेसी सोनबोईर, राकेश साहू, हेमंत मेश्राम आदि उपस्थित थे।

# ब्रम्हचारी आश्रम में लग रहा श्रद्धालुओं का तांता



खुज्जी (दावा)। ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी धाम में, आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में चल रहे, लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है, विदित हो कि विगत कई वर्षो से ब्रम्हचारी धाम में विविध धार्मिक व दैवीय आयोजन होते आ रहे है, इसी कड़ी में इस साल भी, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अखण्ड राम नाम संकीर्तन के अलावा रामकथा का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे है। साथ ही भोजन भंडारा में शामिल होकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे है।

**राम कथा सुनने उमड़ रही भीड़**

0 राम कथा सुनने पहुंचे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

चल रहे यज्ञीय आयोजन में, क्षेत्रीय विधायक भोला राम साहू सहपरिवार पहुंच कर, संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी का आशीर्वाद लिया और चल रहे भोजन भंडारा में जाकर सहपरिवार भोजन परोसने की सेवा दी, पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण कर यज्ञ आदि की परिक्रमा कर रामकथा के पंडाल में पहुंच कर कथावाचक संत राम ज्ञानी महात्यागी का आशीर्वाद लिया तथा रामकथा का रस पान किया। कथा व्यास पीठ से संत महात्यागी ने बताया कि, राम कथा रूपी अमृत पीना चाहते है सुनना और कहना चाहते हैं तो अहमता को छोड़कर ही कहा और सुना जा सकता है, उन्होंने श्रोताओं को बताया कि, रामचरित मानस ही भवसागर पार करने की नैया है, मानव का कल्याण तब होगा जब वह निष्काम हृदय से सत्संग में जाकर कथा का रसपान करें, उन्होंने ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से संगीतमयी रामकथा में, सीता अवतरण, श्री राम जन्म की कथा का सविस्तार वर्णन किया।

चल रहे यज्ञ में प्रधान यज्ञाचार्य पंडित बसन्त तिवारी के सानिध्य में वैदिक पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के सांथ यज्ञ यजमानों के द्वारा आहुतियां डाली जा रही है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना, सुड़क सुरक्षा एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में जेल में बंदियों की स्थिति के संबंध में कलेक्टर्स की ली बैठक



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना, सड़क सुरक्षा एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में जेल में बंदियों की स्थिति के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने महतारी वंदन योजना के प्राप्त आवेदनों की अद्यतन जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि आवेदनों का अच्छे से परीक्षण कराएं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने मौजूदा जेलों की वर्तमान क्षमता तथा अतिरिक्त जेलों की आवश्यकता का आंकलन कर मौजूदा जेलों के विस्तार एवं नवीन जेलों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने कलेक्टर्स को इसके संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने जिलों में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित करें।

उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने कहा। उन्होंने जिलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित करने कहा। जिसमें जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानन्द संविदा शिक्षक-कर्मचारियों ने की नियमितीकरण की मांग



रायपुर (दावा)। स्वामी आत्मनन्द संविदा शिक्षक कर्मचारी संघ ने 16 फरवरी को भाजपा कार्यालय रायपुर में अपनी नियमितीकरण की एकसूत्रीय मांग लेकर मंत्री लखनलाल देवांगन से सौजन्य मुलाकात की गई। लखनलाल देवांगन छत्तीसगढ़ शासन में वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री है। पहले यह मुलाकात शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के साथ प्रस्तावित थी परंतु उनकी अनुपस्थिति यह मुलाकात वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ सम्पन्न हुई।

भाजपा कार्यालय रायपुर में बड़ी संख्या में स्वामी आत्मानंद के शिक्षक एवं कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व में एकत्रित हुए। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज साहू, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार साहू कार्यकारिणी सदस्य हरिकृष्ण भोगल दुर्ग संभाग अध्यक्ष अरुण मिश्रा एवं सभी जिला अध्यक्ष के साथ ही बीजापुर बस्तर और जशपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों से सेजेस के संविदा कर्मचारी इस मुलाकात में शामिल हुए।

अध्यक्ष विकास तिवारी ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते कहा कि नियमितीकरण हमारी मुख्य और एक सूत्रीय मांग है क्योंकि हम लोग संविदा अधिनियम 2012 के अधीन कार्यरत है। हमारी भर्ती में आरक्षण रोस्टर आदि सभी नियम-कानूनों का अक्षरशः पालन किया गया है और विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी में नियमतीकरण एक प्रमुख घोषणा थी। जिसका पालन किया जाना चाहिए, हम लोग पिछले वर्षो से पूरी निष्ठा से सेवा दे रहे है। अभी नई भर्ती के लिए हमारे कई साथियों आयु सीमा समाप्त हो गई है।

दूसरे संविदाकर्मियों की तरह हमे अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृध्दि तक का लाभ भी नही मिल पाया है। जो बेहद चिंता की बात है। सारंगढ़ के कुछ शिक्षकों को पिछले छः माह से वेतन नही मिला यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्हें जल्द से जल्द वेतन मिलना चाहिए। सेजेस संघ के अन्य पदाधिकारियों ने भी यह मांग की है कि सरकार मोदी गारन्टी को पूरा करें और नियमितीकरण की प्रकिया यथाशीघ्र पूर्ण करें।

## अनमोल दावा

**यदि आप स्वयं प्रसन्न हैं, तो जिंदगी उत्तम है, यदि आपकी वजह से लोग प्रसन्न हैं, तो जिंदगी सर्वोत्तम।**

## दिल्ली के अलीपुर हादसे से प्रशासन और कारोबारियों को सबक लेने की जरूरत

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उसके बाद ऐसे इंतजाम हों, जिससे उस तरह की घटना फिर न हो। मगर ऐसा लगता है कि न तो प्रशासन को इस पर गौर करने की जरूरत लगती है और न ही कारोबारियों से लेकर आम लोगों को यह सोचने की जरूरत लगती है कि मामूली लापरवाही की कीमत क्या हो सकती है।

दिल्ली के अलीपुर में रिहाइशी इलाके में चल रहे एक पेंट के कारखाने में जिस तरह आग लगी और उसमें ग्यारह लोगों की जान चली गई, वह एक बार फिर यह बताने के लिए काफी है कि हर स्तर पर लापरवाही एक अघोषित व्यवस्था के रूप में चल रही है और उस पर लगाम लगाने की जरूरत किसी को नहीं महसूस होती। इस तरह के किसी भी कारखाने में कई बार ऐसे रसायन और अन्य सामान रखे होते हैं, जो आग लगने और अन्य हादसों के लिहाज से बेहद संवेदनशील होते और किसी भी वक्त बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं।

मगर आम लोगों की रिहाइश के बीच ऐसा कारखाना चलाने वालों को सिर्फ अपने मुनाफे से मतलब होता है। विडंबना है कि सभी की आंखें तब खुलती हैं, जब किसी मामूली कोताही की वजह से भयावह हालात पैदा हो जाते हैं, नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। वरना हादसे से पहले अग्नि शमन विभाग या अन्य संबंधित महकमों को किसी तरह की जांच करके गैरकानूनी तरीके से चल रहे कारखानों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करना जरूरी नहीं लगता या फिर मिलीभगत की वजह से हादसों की बड़ी वजहों की भी अनदेखी कर दी जाती है। किसी कारखाने में आग लगने या अन्य हादसे की स्थिति में बचाव के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं, उसमें प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते सुरक्षित और सहज हैं या नहीं, इसे लेकर कारखानों के मालिक व्यापक पैमाने पर लापरवाही बरतते हैं।

वहीं प्रशासनिक अमला समय-समय पर जांच-पड़ताल करके अवैध इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने या फिर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित कराने को लेकर कई वजहों से आंखें मूंदे रहता है। नतीजतन, अक्सर ऐसे हादसे सामने आते रहते हैं, जिनमें लापरवाही की कीमत नाहक ही आम लोगों को अपनी जिंदगी गंवा कर चुकानी पड़ती है।




# किसान आंदोलनकारियों पर ड्रोन का इस्तेमाल कितना जायज़ ?

**विनीत खरे**

दिल्ली 4 घंटे पहले हाल ही में पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 'दिल्ली चलो' मार्च में प्रदर्शन कर रहे कई सौ किसान आंदोलनकारियों पर हरियाणा पुलिस ने ड्रोन की मदद से आंसू गैस के गोले छोड़े. ये तस्वीरें हर जगह शेयर हुई हैं. मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत में हरियाणा पुलिस पहली पुलिस फ़ोर्स है जिसने ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े हैं. हरियाणा पुलिस के डीजीपी शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़ ये पहली बार है कि हरियाणा पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े हैं. प्रदर्शन कर रहे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के लिए क़ानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफ़ारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सरकार का कहना है कि वो जल्दबाज़ी में कोई फ़ैसला नहीं लेना चाहती. जब ड्रोन गोले गिरा रहे थे तब बीबीसी संवाददाता अभिनव गोयल भी वहीं मौजूद थे. उन्होंने बताया कि, तेज़ी से हरियाणा की तरफ़ से ड्रोन आता था और आंसू गैस के गोले गिरा कर वापस चला जाता था. गोला गिरता था किसान पीछे हो जाते थे लेकिन तुरंत फिर आगे आ जाते थे।

अभिनव के मुताबिक़ आंसू गैस के गोलों से निकल रहे धुएं को दबाने के लिए जहां किसान गीली बोरियां या तसले उस पर रख देते, तो वहीं ड्रोन को नीचे गिराने के लिए पतंगों और कॉस्को की गेंदों का भी इस्तेमाल कर रहे थे. आमने-सामने की इस स्थिति में किसान और पुलिसकर्मी दोनों ही घायल हुए हैं.

जहां कई हलकों में आंसू गैस के गोले गिराने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की आलोचना हो रही है, ड्रोन इंडस्ट्री के भीतर भी इसे बहुत ग़ौर से देखा जा रहा है. ढाई सौ से ज़्यादा ड्रोन कंपनियों और इंडस्ट्री से जुड़े क़रीब ढाई हज़ार लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली ड्रोन फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख स्मित शाह कहते हैं, ये पहली बार है कि ड्रोन के जायज़ इस्तेमाल पर बहस शुरू हुई है. मुझे नहीं लगता कि इससे बहुत बड़ी चिंता है लेकिन इससे लोग आगाह हुए हैं कि इस विषय पर इस नई इंडस्ट्री को सोचना चाहिए.



रियाणा के पूर्व डीजीपी डॉक्टर महेंद्र सिंह मलिक कहते हैं, इस तरह का तरीक़ा मेरे ख़्याल से राज्य की पुलिस को नहीं इस्तेमाल करना चाहिए था. लोगों को पहले वार्निंग वगैराह देनी चाहिए थी, कि या तो पीछे हट जाओ नहीं तो हम ड्रोन से टीयर गैस का इस्तेमाल करेंगे. मुझे पता नहीं कि ऐसा किया गया कि नहीं लेकिन उन्हें ऐसा करना चाहिए था. टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने एक पोस्ट में लिखा, हरियाणा पुलिस ने ड्रोन के इस्तेमाल से आसमान से आंसू गैस के गोले गिराकर इसे टेस्ट किया है... ये इसे अपने अधिकारों के लिए मार्च कर रहे निहत्थे किसानों के लिए अभी इस्तेमाल कर रहे हैं.

बीबीसी से बातचीत में हरियाणा पुलिस के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने ड्रोन के जायज़ इस्तेमाल पर बहस को 'नॉन-इशु' (ये कोई मुद्दा ही नहीं है) बताया. वो कहते हैं, ये मात्र एक ऑपरेशनल संबंधी मामला है. अगर टियर गैस गन से गोलों का इस्तेमाल हो सकता है, तो फिर ड्रोन से उन्हीं गोलों का इस्तेमाल भी सही होना चाहिए क्योंकि ड्रोन तो मात्र एक प्लेटफ़ॉर्म है. ये कुछ इसी तरह है कि कार से खाना पहुंचाना ठीक है लेकिन स्कूटी से नहीं. जो बात महत्वपूर्ण है वो है गोले. अगर उसमें कुछ समस्या है तो बताइए. डीजीपी शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हमारी प्राथमिकता न्यूनतम ताक़त का इस्तेमाल करना है. अगर ड्रोन का इस्तेमाल रोक दिया गया तो प्रदर्शनकारी और नजदीक़ आ जाएंगे और हमें और ज़्यादा ताक़त का इस्तेमाल करना पड़ेगा. उधर मानवाधिकार संस्था ऐमनेस्टी ने एक वक्तव्य में कहा, आंसू गैस के गोलों को ड्रोन से नहीं गिराना चाहिए क्योंकि इससे प्रदर्शनकारियों पर ज़्यादा मात्रा में केमिकल असर कर सकता है और इससे भगदड़ मच सकती है और ये हो सकता है कि प्रदर्शनकारी तितर-बितर होने के लिए सबसे अच्छे रास्ते का पता न लगा पाएं.

ताज़ा स्थिति में पंजाब से दिल्ली की ओर बढ़ रहे हज़ारों किसानों को हरियाणा पुलिस ने शंभू सीमा पर रोक लिया है. स्थिति का असर इंटरनेट सेवाओं पर भी पड़ा है. पुलिस ने जहां मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कड़े बंदोबस्त किए, दिल्ली पुलिस ने भी सीमा पर कड़ी मोर्चाबंदी की है. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने स्थिति को सौहार्दपूर्ण तरीक़े से हल करने को कहा है, साथ ही उसका कहना था कि ताक़त का इस्तेमाल आखिरी विकल्प होना चाहिए. प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए लाठी-डंडों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल लंबे समय से होता रहा है. लेकिन इस मक़सद के लिए ड्रोन का इस्तेमाल क्यों किया गया? हरियाणा पुलिस के डीजीपी शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़, आंसू गैस का इस्तेमाल हवा की दिशा पर निर्भर करता है. आंसू गैस का इस्तेमाल उस वक़्त तक असरदार नहीं होता जब तक हवा की दिशा भीड़ की तरफ़ न हो. ड्रोन हमें रेंज और जिस जगह पर आंसू गैस के गोले गिराने हैं, उसकी आज़ादी देता है. शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़ आंसू गैस गन से गोलों को फेंकना और ड्रोन से गोले फेंकना एक ही चीज़ है..

वो कहते हैं, भीड़ आप पर पत्थर फेंक रही है. भीड़ लाठियों, सैकड़ों ट्रैक्टर्स, जिनमें इस बार स्पाइक्स भी लगाए गए हैं, उनसे लैस है. उनसे निपटना आसान नहीं है इसलिए हमने आंसू गैस का इस्तेमाल किया. शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़ हरियाणा पुलिस ड्रोन का इस्तेमाल काफ़ी समय से सर्विलांस, ट्रैफ़िक के प्रबंधन आदि के लिए करती रही है. कुछ महीने पहले ड्रोन का इस्तेमाल दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर लेन ड्राइविंग नियमों के उल्लंघन करने वालों की पहचान और उन पर जुर्माना लगाने के लिए किया था. हरियाणा पुलिस के डीजीपी शत्रुजीत कपूर के मुताबिक़, हम ड्रोन का इस्तेमाल तब करते हैं, जब हवा हमारी दिशा में बह रही हो. इससे आंसू गैस के गोले कितनी दूर गिराने हैं, उस पर नियंत्रण रखा जा सकता है. दूरी की वजह से हम गोलों को फेंक नहीं सकते. सबसे ताक़तवर सुरक्षाकर्मी भी उसे 30 से 40 मीटर तक ही फेंक सकेगा और फिर उसी गोले को हमारी तरफ़ भी फेंका जा सकता है क्योंकि हम बैरिकेडिंग से करीब 15 मीटर ही पीछे रहते हैं

इसलिए हमारे पास ड्रोन का इस्तेमाल ही एकमात्र विकल्प है. यही वजह है कि हमें आंसू गैस के गोले भीड़ के पीछे गिराने पड़ रहे हैं. अगर हवा हमारी दिशा में बह रही है तो वो गैस पहले भीड़ पर असर करेगी और हम तक नहीं पहुंचेगी. यही हो रहा है. ये प्रक्रिया संबंधी विषय है और किसी को इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए. उधर ड्रोन से आंसू गैस के गोले गिराए जाने की तस्वीरें ड्रोन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने भी देखी. ड्रोन फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मुताबिक़ देश में क़रीब 300 से ज़्यादा ड्रोन स्टार्ट अप्स हैं. इनमें से क़रीब एक तिहाई या 40 प्रतिशत ड्रोन के उत्पादन से जुड़े हुए हैं, 40 से 50 प्रतिशत ड्रोन सर्विसेज़ से जुड़े हैं जबकि क़रीब 10 प्रतिशत ड्रोन से जुड़ी ट्रेनिंग और सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस से हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 69 : राम लक्ष्मण को लेकर जनकपुरी के लोगों में उत्सुकता

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



क्रीडा क्षेत्र से होते हुए राम और लक्ष्मण पुनः मुख्य मार्ग पर पहुंचे। उन दोनों की सुंदर छवि को देखकर जनकपुरी के निवासी मंत्र मुक्त हो गए।

'कैसा अद्भुत दृश्य है। ये दोनों कौन हैं जो देवताओं की शोभा को भी फीकी कर देने वाले हैं। पीले रंग के वस्त्र पहने हुए श्यामवर्ण वाले इस नवयुवक का स्वरूप कितना सम्मोहक है।' घर की छत से श्री राम की छवि को निहारते हुए एक सखी ने दूसरी से कहा।

'सच कहती हो इनके मुख पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास की एक अलग ही दीप्ति है। इनके साथ चल रहे गौर वर्ण वाले कुमार संभवतः उनके छोटे भाई होंगे। पर इन दोनों के हाथों में धनुष बाण क्यों?' दूसरी सखी ने अपने विचार व्यक्त किए।

'इन सुकुमारों के ललाट पर तिलक शोभित है और कानों में सोने के कर्णफूल हैं। जैसा तेज इनके मुख पर है, इससे तो यह प्रतीत होता है कि ये मिथिला के राजकुमार हैं, लेकिन ये तो हाथों में धनुषबाण लिए हुए हैं। अगर ये राजकुमार हैं तो उनके साथ उनके सशस्त्र अंगरक्षक क्यों नहीं है और इन्होंने स्वयं अस्त्र-शस्त्र क्यों धारण कर रखे हैं?' तीसरी सखी ने कहा।

जनकपुरी मैं अनेक स्थानों पर लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विपणियां हैं। यहां के आपणों में आवश्यकता की सभी चीज मिल जाती हैं संध्या हो रही है और लोग खरीदारी के लिए यहां पहुंचते हैं।

इस क्षेत्र में राम लक्ष्मण के पहुंचने पर लोगों में चर्चा होने लगी।

'यह दिव्या शोभा वाले नवयुवक कौन हैं और जनकपुरी के मार्ग में विचरण क्यों कर रहे हैं? ये हमारी मिथिला के तो नहीं हो सकते हैं।'एक व्यक्ति ने कहा।

'ये अयोध्या नरेश राजा दशरथ के सुपुत्र है और ताड़का वन में ताड़का के वध तथा सिद्धाश्रम में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा और राक्षसों के संहार के बाद मिथिला पहुंचे हैं।' दूसरे व्यक्ति ने कहा।

'दो सुकुमार युवक और ऐसा चुनौतीपूर्ण कार्य? विलक्षण है दोनों और इनका आभामंडल स्वयं ही इनकी मानवेतर क्षमताओं को दर्शाता है।' एक व्यक्ति ने कहा।

तभी एक रथ उस क्षेत्र से तेजी से गुजरा। उस रथ में सवार नवयुवती को देखकर प्रजाजन के हाथ जुड़ते जाते हैं।

'राजकुमारी सीता की जय हो।'

'जनकनंदिनी सीता की जय हो'


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -337

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ड़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नी | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## कविता

### डर जाना नहीं

तन सुंदर और मन सुंदर
सुन्दर यह संसार है
जीवन भी हो जाये सुन्दर
अगर मानवता से प्यार है
सुन्दर बनना है तो,
मन को सुन्दर बना लो
जीवन का पल पल
अब तो सुन्दर बना लो
सुंदरता तो वक्त के,
साथ ढल जाती है
अहंकार मानवता को,
छल जाती है
अगर जीवन बन गया,
तेरा सुंदर तो
बदलाव आ जाये अब,
मन अंदर तो
जिंदगी ख्वाब से,
हकीकत में बदल जायेगी
हर बार फिर से बहारे,
नया परिवर्तन लायेगी
परिवर्तन से कभी भी,
घबराना नहीं
होगा बदलाव अब तो,
डर जाना नहीं



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.

## सेहत

### रात में बार-बार नींद टूटने से पड़ सकता है आपकी दिमाग़ी क्षमता पर असर



अगर आपको नींद ठीक से नहीं आती है और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया(ओएसए) के लक्षण हैं तो इससे दिमाग़ के सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ सकता है. इस विषय पर आई नई रिपोर्ट कहती है कि भारत में 10 में एक व्यक्ति ऐसी समस्या से प्रभावित है और उम्र बढ़ने पर ये व्यक्ति के दिमाग़ की कार्य क्षमता पर असर डालता है. इस शोध का नेतृत्व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में न्यूरोलॉजी(तंत्रिका) विभाग के प्रमुख रह चुके और पदमश्री से सम्मानित डॉ कामेश्वर प्रसाद ने किया. ये शोध 7505 वयस्कों पर किया गया.

भारत के कई स्वास्थ्य संस्थानों के अलावा नीदरलैंड्स के इरासमस मेडिकल सेंटर के एपिडेमियोलॉजी विभाग और अमेरिका के हार्वर्ड टीएच चेन स्कूल के पब्लिक हेल्थ के सोशल और बिहेवियरल साइंसेज के डॉक्टरों ने मिलकर इस विषय पर अध्ययन किया.

बीबीसी से बातचीत में डॉ कामेश्वर प्रसाद बताते हैं,भारत में ये पहली तरह का शोध है, जिसमें जीनोमिक्स, न्यूरोइमेजिंग और नींद से जुड़े कई पैमानों का अध्ययन किया गया. इसमें महिला और पुरुषों की संख्या लगभग बराबर थी.

वे इस शोध का कारण बताते हुए कहते हैं कि कई देशों की तरह भारत में लोगों की आयु सीमा के साथ -साथ बुज़ुर्गों की संख्या बढ़ रही है. समय बीतने पर इनकी संख्या में बढ़ोतरी होती जाएगी. डॉ कामेश्वर प्रसाद के अनुसार,उम्र बढ़ने पर मुख्य बड़ी बीमारियां सामने आती हैं वो है डिमेंशिया या भूलने की बीमारी, हार्ट अटैक और स्ट्रोक. ये शोध मुख्यतौर पर उन समस्याओं पर केंद्रित था. इस शोध में लोगों से नींद के बारे में कई सवाल पूछे गए जिसमें नींद ठीक से न आना, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया(ओएसए) आदि के बारे में पूछा गया और ये जाना गया कि उनका दिमाग की कार्य क्षमता जैसे चीज़ें याद रखना, योजना, डिज़ाइन बनाने और सिक्वेंसिंग आदि दोनों बातों में कितना संबंध है? डॉ कामेश्वर प्रसाद कहते हैं, शोध में पाया गया कि जिन लोगों को ख़राब नींद आती है या ओएसए है, उनके दिमाग़ की कार्य क्षमता उन लोगों के मुक़ाबले उतनी अच्छी नहीं है, जिन्हें नींद को लेकर कोई परेशानी पेश नहीं आती है.

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन में छपी जानकारी के अनुसार, ओएसए एक डिसआर्डर होता है, जिसमें एक व्यक्ति की सांस नींद के दौरान लगातार रुकती रहती है. डॉक्टर जेसी सूरी इसे विस्तार से समझाते हुए बताते हैं कि दिन में एक व्यक्ति आराम से सांस लेता और छोड़ता है और इसमें कोई रुकावट नहीं आती. लेकिन रात को सोते वक़्त हमारी मांसपेशियां रिलेक्स या शिथिल पड़ जाती हैं और कोई भी व्यक्ति खड़े हो कर नहीं सो पाता.

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आपका पूरा समय परिवार वालों के साथ बीतेगा। घर के कामों में आज जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। साथ ही बच्चों के करियर के लिए उनके गुरु से परामर्श लेंगे। इस राशि के जो लोग धर्म-कर्म के काम से जुडे हैं, उन्हें आज किसी बड़े समारोह में जाने का मौका मिल सकता है।

**वृषभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें। इस राशि के बिजनेस करने वाले आज एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है, जिससे आपके करियर की दिशा बदलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। हो सकता है कि घर पर छोटी-सी पार्टी भी करें।

**कर्क** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका झुकाव कुछ हद तक अध्यात्म की ओर रहेगा। आज आपका मन साहित्यिक चीज़ों को पढ़ने में लगेगा, जिससे आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिये कुछ नये विचार आ सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स आज अपनी पढ़ाई की योजना में बदलाव कर सकते है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपके लिये परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाना काफी आसान होगा। साथ ही आज घर पर आप किसी की असमंजस की भावना को दूर करेंगे। इस राशि के जो लोग एक नये बिजनेस की शुरुआत करना चाहते है उनके लिए आज का दिन शुभ है।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज आप जो काम भी हाथ में लेंगे उसे पूरे मन से करेंगे। जिससे आपको सफलता हासिल होगी। साथ ही निराशा की भावनाजो कुछ दिनों से आपके अंदर भरी हुई थी, आज वो गायब हो जाएगी। इस राशि के जो लोग स्टील के बर्तन का बिजनेस करते है, आज उन्हें धनलाभ होने के आसार है।

**तुला** — आज आपके मन में नए-नए विचार आऐंगे। अगर आप किसी काम की तैयारी बहुत पहले से सोच कर बैठे है, तो आज उस योजना की शुरुवात कर सकते हैं। साथ ही परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। पढ़ाई में मन लगेगा, साथ ही टाईम टेबल में बदलाव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज बिजनेस पार्टनर के साथ जरुरी मीटिंग करने के बाद रात को डिनर के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा सकते है, इससे आपके बिजनेस को फायदा होगा। किसी पुरानी बात को लेकर आज आप उलझन में रहने वाले है।

**धनु** — आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को आज जॉब के कुछ अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। जहां जरुरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहें। घर के कार्यों को निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है। पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आज सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। साथ ही आज आप किसी अपनों की मदद कर सकते है। आज आपको अपनी पिछली किसी बड़ी गलती का अहसास होगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता प्राप्त होगी। घर पर पार्टी भी करेंगे। इस राशि के लोगों को आज ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नति मिलेगी। आज आप फिजूल खर्च से बचें। आज आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति करेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप अपना ज्यादा से ज्यादा समय परिवारजनों के साथ बिताएंगे, साथ ही आप सभी के साथ कहीं पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि वाले लोगों को आज उनकी मेहनत का अच्छा फल मिलने वाला है। आज आपका दिन ऑफिस कार्यों के प्रति अनुकूल रहेगा।

# अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत निर्मित होने वाले स्टेशनों का पीएम करेंगे 26 को होगा भूमिपूजन

**० प्रधानमंत्री व रेलमंत्री द्वारा वर्चुअल किए जाने वाले भूमिपूजन में सांसद रहेंगे उपस्थित**
**० 6 अगस्त को देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के रिडेवलपमेंट की आधारशिला रखी थी प्रधानमंत्री ने**



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत पूरे देश में 26 फरवरी को सुबह 10:30 बजे अमृत स्टेशनों का वर्चुअल भूमिपूजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसके अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव रेलवे स्टेशनों में सांसद संतोष पाण्डेय का शामिल होना तय हुआ है। उक्त कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में शनिवार को डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी ने सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेलवे के आला अधिकारी उपस्थित थे।

### 6 अगस्त को पीएम मोदी ने लॉन्च की थी अमृत भारत स्टेशन योजना

देश के 508 रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त को अमृत भारत स्टेशन योजना को लॉन्च किया था। इस योजना के तहत देश के रेलवे स्टेशनों को रिडेवलेप किया जाएगा। इसमें एक साथ देश के 508 स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य रेलवे स्टेशन को स्मार्ट बनाकर शहर को विकास के पथ पर आगे लाना है। रिडेवलपमेंट के बाद ये स्टेशन वर्ल्ड क्लास स्टेशंस की तरह दिखेंगे।

### आधुनिक ट्रेनों की बढ़ रही संख्या

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह (मोंटी) ने बताया कि 6 अगस्त को पीएम मोदी ने कहा था कि देश में आधुनिक ट्रेनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। देश में रेलवे स्टेशनों पर बैठने के लिए अच्छी सीटें लग रही हैं। स्टेशनों पर अच्छे वेटिंग रूम बनाए जा रहे हैं। देश के हजारों रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा है।

### शहरों को मिलेगी पहचान

स्टेशनों को आधुनिक बनाने का उद्देश्य रेल यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करना है। रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है। शहरों की पहचान भी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी होती है। शहरों की सारी गतिविधियां रेलवे स्टेशनों के आसपास ही होती है। ऐसे में जरूरी है कि रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप में ढाला जाए। जब देश में इतने सारे आधुनिक स्टेशन बनेंगे तो इससे एक नया माहौल भी बनेगा। जब विदेशी पर्यटक इन आधुनिक स्टेशनों से इन शहरों में पहुंचेगा तो उस शहर की तस्वीर उसकी नजरों में यादगार बनेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार मिलेगी।

### वन स्टेशन वन प्रोडक्ट

रेलवे स्टेशनों के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने स्टेशनों को शहर और राज्यों की पहचान से जोड़ने के लिए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना भी शुरू की है। इससे पूरे इलाके के लोगों और कामगारों को फायदा होगा।

## पूर्व विधायक कोमल जघेल दिल्ली के राष्ट्रीय अधिवेशन में होंगे शामिल



खैरागढ़ (दावा)। 17 एवं 18 फरवरी को भाजपा की राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के भारत मंडपम मे आयोजित है, इस अधिवेशन मे खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सम्बोधित करेंगे।

## नीरज विद्या मंदिर में सामूहिक दवा सेवन



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ में 17 फरवरी को जिला प्रशासन एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत फाईलेरिया (हाथी पांव) एवं कृमिनाशक एलबेंडाजॉल दवा संस्था के विद्यार्थियों को खिलाई गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 10 से 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम द्वारा दवा वितरण करते हुए विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में संस्था के शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

## छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से रंगकर्मी विजय मिश्रा हुए विभूषित




रायपुर (दावा)। रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था और स्व सहायता समूह उरला के बैनर तले साहित्य-संस्कृति कर्मियों का सम्मान किया गया। वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में मुरली मनोहर खंडेलवाल, जयप्रकाश शर्मा, विजय मिश्रा अमित, शैल शर्मा, योगेश नैय्यर सम्मानित हुए। छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से विभूषित उक्त रंग कर्मियों, साहित्यकारों ने छत्तीसगढ़ के कला जगत और साहित्य जगत के उत्थान में अपनी दीर्घकालीन सेवाएं दी हैं। समारोह में रुपाली संस्था, स्व सहायता समूह के पदाधिकारियों, वरिष्ठ लोकगायिका रमा जोशी बहनों, कलाकारों - लेखकों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दीं।

## एक्सपोर्ट आउटरिच प्रोग्राम पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई सम्पन्न



मोहला (दावा)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट आउटरिच प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विदेश व्यापार महानिर्देशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार से विशेषज्ञों की टीम में निखिल पाटिल, ध्रुव पारेख, सुश्री सोनाली मोरई के द्वारा जिला अंतर्गत उत्पादित/विनिर्मित वस्तुओं/ सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निर्यात बंधु योजना के तहत उत्पादों की पहचान एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्मित एवं उत्पादित सामग्रियों के निर्यात की क्रम बद्ध प्रक्रियाओं एवं आवश्यक दस्तावेजीकरण के संबंध में उपस्थित जिले के राईस मिलर्स एसोसिएसन के सदस्यों, किसान उत्पाद संगठनों एवं महिला स्वयं सहायता समूहो का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को निर्मित उत्पादकों को गुणवत्ता पूर्ण निर्मित करने एवं आयात-निर्यात सर्टिफिकेट बनाने प्रेरित किया गया तथा उसे दुरगामी सकारात्मक परिणामों के बारे में बातया गया। कार्यक्रम में परियोजना निर्देशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन श्री हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार विभाग एवं लीड बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।


## गंडई में मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते 3 आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार




गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि तीन व्यक्ति एक मोडीफाई सफेद टंकी वाला बिना नंबर के मोटर सायकल में बैठकर एक काले रंग के पीट्ठू बैग में गांजा रखकर कवर्धा की ओर से गंडई की ओर आ रहे है।

विलम्ब किये जाने पर उक्त व्यक्तियों के द्वारा माल को खुर्द-बुर्द किए जाने की संभावना है। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर थाना स्टाफ एवं गवाहो को साथ लेकर ग्राम देवपुरा चैक के पास मेन रोड में पहुचकर मुखबीर के बताये अनुसार नाकाबंदी किया नाकाबंदी के दौरान कवर्धा की ओर से एक मोटर साइकल में बिना नंबर के सफेद टंकी वाला में तीन व्यक्ति बैठकर आते हुये मिला जिन्हें रोककर पुछताछ किया, जिन्हे नाम पता पुछने पर मो0सा0 चालक ने अपना नाम मिर्जा इंकलाब उर्फ रिंकु पिता स्व. इब्राहिम मिर्जा उम्र 38 साल ग्राम नर्मदा(चकनार) थाना गंडई बीच में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अमन खान पिता मुस्ताक खान उम्र 23 साल निवासी वार्ड 06 कैलाश नगर गंडई थाना गंडई एवं पीठे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अर्जुन पाटले पिता मानसिंग पाटले उम्र 19 साल निवासी वार्ड 07 कोपेभाठा गंडई थाना गंडई का रहने वाला बताया गया। तीनों व्यक्तियों की तलाशी लिया गया, तलाशी के दौरान उसके पास के एक काले रंग के पिट्ठु बैग के अंदर झिल्ली में गांजा करीबन 400 ग्राम कीमती 1500 रू. मिला आरोपीयों के पास मादक पदार्थ (गांजा) रखकर परिवहन करने के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नही होने से 400 ग्राम गांजा एवं घटना में प्रयुक्त मो0सा0 को बरामद कर जप्त कर थाना लाया गया व आरोपीयों का कृत्य धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् दण्डनीय अपराध होने से विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपीयों से विस्तृत पूछताछ के आधार पर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ गांजा के क्रय विक्रय करने वाले अन्य लोगो पर भी पृथक से कार्यवाही करने विवेचना की जा रही है।

## महतारी वंदन योजना से आर्थिक स्वावलंबन को मिलेगा बढ़ावा - दीनु साहू



जोंधरा (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला पुर्व अध्यक्ष दीनु साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना से आर्थिक स्वालंबन को मिलेगा बढ़ावा उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के अंतर्गत फॉर्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में उत्साह के साथ आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत कार्यालय में पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील पहल से बजट में भी इसके लिए प्रावधान कर लिया है। महतारी वंदना योजना महिलाओं को वित्तीय आत्मनिर्भर कि दिशा में महत्वपूर्ण और कारगर कदम साबित होगा। इससे महिलाओं का आत्मनिर्भर बढ़ेगा। जिससे महिलाएं स्वयं एवं परिवार के विकास में लगातार सकारात्मक भागीदारी निभाएगी। सरकार की ओर से प्रति माह 1000 रूपये मिलने से प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन में बढ़ोतरी होगी। साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में भी लगातार सुधार होगा। परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिले एवं पंचायत पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध है पात्र हितग्राहियों को शासन की इस महती योजना से लाभ मिले इसके लिए लगातार फॉर्म भराए जा रहे हैं। साथ ही इस योजना के संबंध में महिलाओं को कोई दिक्कत ना हो इसलिए उन्हें मार्गदर्शन देते हुए आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस योजना में 21 वर्ष के ऊपर विवाहित एवं विधवा प्ररित्कता तलाकशुदा महिलाएं भी आवेदन कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण योजना में भाजपा पदाघिकारी एवं कार्यकर्ता घर-घर जा कर सभी पात्र हितग्राही को जानकारी दे रहे हैं।

## मॉडल यात्री प्रतिक्षालय का खुज्जी विधायक ने किया भूमिपूजन



खुज्जी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू ग्राम पाटेकोहरा में माडल यात्री प्रतिक्षालय का भूमिपूजन किया और गांव वालों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जालबांधा पुलिस को मिली सफलता नाबालिग बालिका को चंद घंटों में किया बरामद

**नाबालिग बालिका को जालबाँधा पुलिस द्वारा दुर्ग स्टेशन से बरामद किया गया**

खैरागढ़ (दावा)। अपराध का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, कि प्रार्थिया चौकी जालबाँधा जिला केसीजी चौकी आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री बुधवार 14 फरवरी को घर से बिना बताय कहीं चली गई है। आसपास व रिश्तेदारो मे पता किया गया कही पता नही चला, प्रार्थी की लड़की नाबालिक होने से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में गुम नाबालिग बालिक होने से नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा वैघ संरक्षण से बिना सूचना के बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर शुक्रवार 16 फरवरी को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 67/2024 धारा 363 भादवि0 पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट अधिकारी को अवगत कराया बाद पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी त्रिलोक बंसल (आईपीएस.), एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी प्रशिक्षु डिएसपी प्रतिभा लहरे के नेतृत्व में गुम अपहता के पतासाजी हेतु टीम गठित दुर्ग स्टेशन रवाना किया गया जो लोकेशन मिली। अपहता नाबालिक लड़की को दुर्ग स्टेशन से बरामद कर बरमदगी पंचनामा तैयार किया गया चौकी जालबाँधा लाकर महिला अधिकारी धारा 161 जाफौ0 का कथन लेख बद्ध किया गया। बाद सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। प्रकरण के आरोपी फरार है, पता तलाश जारी है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी जालबाँधा स्टाफ, प्रधान् आरक्षक सियाराम धुर्वे, आरक्षक सूरज शर्मा, आरक्षक डोमार ध्रुव, महिला आरक्षक की अहम भूमिका रही है।

## डॉ अंबेडकर के अस्थि कलश का ग्राम द्वारा पहुंचने पर पूर्व विधायक ने किया नमन



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ से होकर डोंगरगढ़ लाए जाने वाले डॉ.अंबेडकर के अस्थि कलश का दर्शन लाभ लेने विभिन्न ग्रामों के चौक चौराहों में सामाजिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। डॉ आंबेडकर के अस्थि कलश के ग्राम द्वारा पहुंचने पर डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने अपने साथियों के साथ दर्शन लाभ लिया। इस अवसर पर कांग्रेस महामंत्री नेतराम साहू , श्याम साय टंडेकर, भाजपा नेता श्री गेडाम, बौद्ध समाज के अध्यक्ष डा.मुन्नालाल नदेश्वर सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित रहे।

## खेत में मिला युवक का जला हुआ शव, हत्या या आत्महत्या : कारण अज्ञात

**मोहगांव थाना अंतर्गत जंगलपुर घाट का मामला**

गंडई पंडरिया (दावा)। मोहगांव थाना अंतर्गत ग्राम जंगलपुर घाट में एक 45 वर्षीय युवक का जला हुआ शव उसी के खेत में पाया गया, घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि का है, मोहगांव पुलिस को सूचना अगले दिन यानि शुक्रवार को सुबह हुई। मृतक का नाम ओम प्रकाश मेरावी पिता संबल सिंह मेरावी है। मृतक जंगलपुर घाट के सरपंच प्रतिनिधि श्यामू मेरावी का बड़ा भाई है, उसके 2 लड़की और एक लड़का है। जानकारी अनुसार मृतक ओमप्रकाश मेरावी रोज की तरह रात्रि में फ़सल की देखरेख करने खेत गया हुआ था, मृतक के परिजन ने बताया कि शव बुरी तरह से जल चुका है, घटना रात्रि साढ़े 8 बजे की है। मृतक लकड़ी नुमा मचान के ऊपर था, मृतक की जलने की आग और उसकी आवाज सुनकर दूर खेत में रहे गांव के अन्य लोगों ने करीब जाकर देखा और परिजनों को इसकी सूचना दी है, तब तक मृतक बुरी तरीका से जल चुका था और उसका प्राण पखेरु हो चुके थे, घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम पहुंची थी।

मृतक को पोस्ट मार्टम के लिए छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, समाचार लिखे जाने तक शव का पीएम नहीं हो पाया था। इधर मोहगांव पुलिस किसी भी तरह से जानकारी देने से बचती रही है, पुलिस का कहना है कि जाँच के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। फिलहाल मामला हत्या है या आत्महत्या यह जाँच का विषय है।

## मुख्य सचिव ने महतारी वंदन योजना की प्रगति, जेल क्षमता और सड़क सुरक्षा के संबंध में ली वर्चुअल बैठक



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव की उपस्थिति में महतारी वंदन योजना की प्रगति, आगामी कार्यवाही, जेल क्षमता व जेल विस्तार तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, सीईओ जिला पंचायत और निगम आयुक्तों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जिले से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**0 महतारी वंदन के आवेदनों का सत्यापन, दावा-आपत्ति, स्वीकृति और प्रकाशन की कार्यवाही समय पर करें- मुख्य सचिव,**
**0 दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने हेतु प्रोत्साहित करें- सीएस अमिताभ जैन,**
**0 बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव सहित संभागायुक्त, कलेक्टर्स, सीईओ और निगम आयक्त हुए शामिल**

### महतारी वंदन के आवेदनों का सत्यापन, दावा-आपत्ति, स्वीकृति और प्रकाशन की कार्यवाही समय पर करें - मुख्य सचिव

वर्चुअल बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने संभागायुक्तों, कलेक्टर्स, सीईओ जिला पंचायत और निगम आयुक्तों को महतारी वन्दन योजना की प्रगति और आगे की कार्यवाही के सबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि महतारी वंदन के आवेदनों का सत्यापन, दावा-आपत्ति, स्वीकृति और प्रकाशन की कार्यवाही समय पर करें। बैठक में उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव ने आगे की कार्यवाही पर विस्तार से जानकरी देते हुए निर्देश दिया कि 20 फरवरी तक पंजीयन की ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करें। आगे कहा कि 21 से 25 फरवरी तक दावा आपत्ति, 26 से 29 फरवरी तक दावा-आपत्ति निराकरण तथा 01 मार्च को हितग्राहियों की सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने हेतु प्रोत्साहित करें- अमिताभ जैन

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जिले के जिलों की क्षमता, जेल विस्तार कार्य, अतिरिक्त कक्ष/बैरक निर्माण कार्य पर चर्चा कर निर्देश देते हुए कहा कि कार्य मे मितव्ययता का ध्यान रखते हुए आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने न्योता भोजन कार्यक्रम पर चर्चा की। अमिताभ जैन ने सड़क सुरक्षा पर कहा कि नागरिकों की सहभागिता से इवेंट सह जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन करें। आगे कहा कि दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने हेतु प्रोत्साहित करें। इसमें कॉलेज और स्कूलों के विद्यार्थियों, महिला सुरक्षा समूह, एनजीओ, बाइक चालकों आदि अन्य के सहयोग और जन सहभागिता से आयोजित करें। वीसी के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का पालन करने कहा। इस दौरान सहायक जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे, महिला बाल विकास अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर, ई जिला प्रबन्धक मिथलेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उमरवाही जर्जर सड़क अब बनेगी चमचमाती सुंदर सड़क - अनंत तिवारी



जोंधरा (दावा)। लंबे इंतजार के बाद भाजपा की सरकार आते ही क्षेत्र की बेहद आवश्यक सड़क जो अंबागढ़ चौकी नवीन जिले को जोड़ती है उमरवाही - धोबनी मार्ग अब बनने वाली है, इसके लिए सरकार ने 4.50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, बता दे की 5 वर्ष में कांग्रेस की कार्यकाल में इस सड़क को कोई देखने तक नहीं आया, अधिकारी एवं इनके नेता इस सड़क से गुजरते थे परंतु आवश्यक नहीं समझे की गड्ढों में मुरूम तक डलवा दिया जाए, इस सड़क के लिए विधानसभा चुनाव से पूर्व आंदोलन की रूप रेखा भी तय हुई थी उक्त सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आती है, इस सड़क के विषय में एसडीएम व विभाग के अधिकारियों को भी पूरी जानकारी सौंपी गई थी, बड़े आंदोलन के भय से तात्कालिक एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों ने उमरवाही आकर आश्वासन तो दे दिया पर कांग्रेस सरकार में संभव नहीं हो पाया, भाजपा की सरकार आते ही श्री अनंत तिवारी ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को इस सड़क के बारे में अवगत कराया। श्री शर्मा जी ने आस्वस्थ किया और तात्कालिक प्रभाव से इस सड़क के लिए 4.50 करोड़ रुपए भाजपा सरकार ने बजट में जोड़ दिया। अब उमरवाही धोबनी मुख्यमार्ग परिवान की दृष्टि से सुलभ होगी।

इस सड़क पर जल्दी ही काम शुरू होगी। जिला मंत्री भाजयुमो अनंत तिवारी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की जीत सिर्फपार्टी की जीत नही है, ये सवा 2 करोड़ छत्तीसगढ़ के जन आकांक्षाओ की जीत है, यहां मोदी साय को डबल इंजन की सरकार से प्रदेश प्रगति करेगा, उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया।

# पहला कॉलम...

## न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन लगभग 1 साल रहेंगे क्रिकेट से दूर, पीठ की चोट बनी समस्या

नईदिल्ली, 17 फरवरी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर काइल जैमीसन लम्बे समय तक मैदान से दूर रहेंगे। वह अपनी पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के चलते 1 साल तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है।जैमीसन हाल ही में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज के पहले मैच में खेलते हुए नजर आए थे।

जैमीसन को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ माउंट माउंगानुई में हुए पहले टेस्ट के बाद दर्द महसूस हुआ। इसके बाद वह हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे।पहले टेस्ट में गेंदबाजी में उन्होंने दोनों परियों को मिलाकर कुल 6 विकेट (2/35 और 4/58) लिए थे।बल्लेबाजी में अपनी एक पारी में उन्होंने नाबाद 8 रन बनाए थे। बता दें कि न्यूजीलैंड ने 2 मैचों की सीरीज को क्लीन स्वीप किया था।

## गैस रिसाव से भीषण विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत और 11 घायल

अमेरिका। अमेरिका के वर्जीनिया में एक घर में भीषण विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। घटना वर्जीनिया के स्टर्लिंग में शुक्रवार रात को हुई। बताया जा रहा है कि एक घर में संभावित रूप से गैस रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में एक दमकलकर्मी की मौत हो गयी और 11 अन्य लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दमकल अधिकारियों ने बताया कि सिल्वर रिज ड्राइव पर एक घर से शाम साढ़े सात बजे गैस रिसाव की सूचना मिलने के बाद दकमलकर्मी वहां पहुंचे थे कि करीबन आधे घंटे बाद एक तेज विस्फोट हुआ। लाउडोन काउंटी फायर एंड रेस्क्यू के असिस्टेंट चीफ ऑफ ऑपरेशन जेम्स विलियम्स ने संवाददाताओं को बताया कि विस्फोट के बाद आग उस समय लगी जब दमकलकर्मी घर के भीतर थे। विलियम्स ने बताया, %%घर के भीतर घुसने के थोड़ी देर बाद ही धमाका हो गया।%% उन्होंने बताया कि एक दमकलकर्मी की मौत हो गयी।

## फिल्म प्रोड्यूसर राजकुमार संतोषी को जेल? कोर्ट ने लगाया 2 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। 'घातक' और 'घायल' जैसी सुपरहिट फिल्में बनाने वाले बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म प्रोड्यूसर राजकुमार संतोषी को जामनगर की अदालत ने शनिवार को दो साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उनपर दो करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल, कोर्ट ने यह सजा चेक बाउंस मामले में सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने प्रोड्यूसर को चेक के अमाउंट की दोगुनी रकम यानी 2 करोड़ रुपए जमा करने का आदेश भी दिया है।

## सोने की कीमतों में उछाल, चांदी ने भी लगाई छलांग

नई दिल्ली। क्या आप भी गोल्ड ज्वेलरी या सिल्वर में इन्वेस्ट करने का सोच रहे हैं तो जरा रुकिए! क्योंकि आज सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। गुडरिटर्न्स वेबसाइट के मुताबिक, शनिवार यानी 17 फरवरी को शुरुआती कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 11 रुपये की बढ़ोतरी हुई, है जिसके बाद दस ग्राम कीमती धातु का प्राइस 62,550 रुपये पर पहुंच गया है। दूसरी ओर चांदी की कीमत 900 रुपये चढ़ गई है, जिसके बाद एक किलोग्राम चांदी 76500 रुपये पर बिक्री कर रही है। आइये सभी शहरों के लेटेस्ट प्राइस जानते हैं। मुंबई में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 62,400 रुपये पर बनी हुई है जबकि 22 कैरेट गोल्ड का प्राइस 57,200 रुपये पर बना हुआ है। वहीं 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 46,800 रुपये पर बनी हुई है। दूसरी तरफ 1 चद्द चांदी का प्राइस बढ़ कर 76,500 रुपये पर पहुंच गया है। कोलकाता में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 57,200 रुपये पर बनी हुई है .

# भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच : यशस्वी के शतक की बदौलत भारत दूसरी पारी में 196/2, बढ़त 322 रन की हुई




राजकोट। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट का तीसरा दिन खेला गया। टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड की पहली पारी 319 रन पर सिमट गई। यह मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरी पारी में भारत ने दो विकेट गंवाकर 196 रन बना लिए हैं।

भारत ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट गंवकर 196 रन बना लिए हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल कमर में दर्द की वजह से 133 गेंद में 104 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। वह अब तक अपनी पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगा चुके हैं। वह आगे बल्लेबाजी के लिए आएंगे या नहीं इस पर बीसीसीआई ने अभी कोई पुष्टि नहीं की है।

इंग्लैंड की ओर से जो रूट और टॉम हार्टले को एक-एक विकेट मिला है। दूसरी पारी में भारत की कुल बढ़त अब तक 322 रन की हो चुकी है। पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड की पहली पारी 319 रन पर समाप्त हुई। पहली पारी के आधार पर टीम इंडिया को दूसरी पारी में 126 रन की लीड मिली थी।

भारत को 191 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। रजत पाटीदार खाता खोले बिना आउट हुए। उन्हें टॉम हार्टले ने रेहान अहमद के हाथों कैच कराया। रजत ठीक वही शॉट खेलकर आउट हुए, जैसे पिछली पारी में हुए थे। हार्टले की ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट बॉल पर शॉर्ट आर्म जैब करने के प्रयास में मिड विकेट में कैच थमा बैठे। पिछली पारी में भी हार्टले ने उन्हें ऐसे ही आउट किया था। फिलहाल नाइट वाचमैन कुलदीप यादव और शुभमन गिल क्रीज पर हैं। यशस्वी कमर में दर्द की वजह से रिटायर्ड हर्ट हो गए हैं। वह 133 गेंद में 104 रन बना चुके थे। अब वह बाद में बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। यशस्वी काफी दर्द में थे और बार बार फीजियो को मैदान पर आना पड़ रहा था। यशस्वी के पवेलियन लौटते वक्त स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी सभी खड़े होकर ताली बजाई। यहां तक कि इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने भी यशस्वी के लिए खड़े होकर ताली बजाई। स्टोक्स ने भी यशस्वी को बधाई दी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 189 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया की बढ़त 315 रन की हो गई है। शुभमन गिल 61 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनका साथ निभाने रजत पाटीदार आए हैं।

भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 184 रन बना लिए हैं। यशस्वी 104 रन और शुभमन 56 रन बनाकर क्रीज पर हैं। शुभमन ने टेस्ट करियर का पांचवां अर्धशतक जड़ा। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 150+ रन की साझेदारी हो चुकी है। भारत की बढ़त 310 रन की हो चुकी है। भारत को एकमात्र झटका रोहित शर्मा के रूप में लगा था। यशस्वी काफी दर्द में दिख रहे हैं।

# कल भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा

वाशिंगटन। अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा 18 से 23 फरवरी तक भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह हिंद-प्रशांत साझेदार के बीच सहयोग को भी मजबूत करेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान रिचर्ड वर्मा सबसे पहले भारत की यात्रा करेंगे। भारत में वह आर्थिक विकास, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहित कई मुद्दों पर अमेरिकी-भारत वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और उद्यमियों से मुलाकात करेंगे।



अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रबंधन और संसाधन राज्य के उप सचिव रिचर्ड आर वर्मा इनमें से प्रत्येक के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग को मजबूत करने के लिए 18 से 23 फरवरी को भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया है कि उनकी यह यात्रा एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध क्षेत्र के लिए अमेरिका की स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी।

# अय्यर, पांड्या और ईशान को मिली बीसीसीआई की चेतावनी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट टेस्ट मैच खेला जा रहा है। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का यह तीसरा मुकाबला है। अभी तक यह सीरीज बराबरी पर चल रही है। ऐसे में जो भी टीम राजकोट टेस्ट को अपनी झोली में डाल लेगी, वह इस सीरीज में बढ़त बना लेगी। इस सीरीज के बीच बीसीसीआई ने भारत के कई स्टार खिलाड़ियों को बड़ा झटका दिया है। बीसीसीआई ने बड़ी घोषणा कर दी है, इससे भारत के विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन, श्रेयस अय्यर और हार्दिक पांड्या को बड़ा झटका लगा है। चलिए आपको बताते हैं क्या है बीसीसीआई का नया ऐलान।

बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे राजकोट टेस्ट के बीच भारतीय खिलाड़ियों को बड़ा झटका दिया है। जय शाह ने एक फरमान जारी कर यह साफ कर दिया है कि टीम इंडिया में चयन का मुख्य आधार घरेलू क्रिकेट होने वाला है। बीते कुछ वर्षों में ऐसा देखा जा रहा है कि जो खिलाड़ी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें टीम इंडिया में शामिल कर लिया जाता है। अर्थात टीम इंडिया में सिलेक्ट होने के लिए आईपीएल सबसे बड़ा आधार बन गया था। इस कारण से घरेलू क्रिकेट की वैल्यू कम होने लगी थी। इसी को देखते हुए बीसीसीआई सेक्रेटरी ने नया फरमान जारी किया है।

# डोनाल्ड ट्रंप पर कोर्ट ने लगाया 35 करोड़ डॉलर का जुर्माना



वॉशिंगटन । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर जुर्माना लगाने वाले जज पर तीखी टिप्पणी की। दरअसल नागरिक धोखाधड़ी के एक मामले में न्यूयॉर्क की अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर 35 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले को पूरी तरह से अवैध और गलत करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए पोस्ट में अमेरिका की न्याय व्यवस्था पर भी खतरा बताया।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा %अमेरिका और न्यूयॉर्क की न्याय व्यवस्था खतरे में है और इस पर पक्षपाती और बंटवारे को बढ़ावा देने वाले जज और वकील हैं। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स पर खास तौर पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि टिश जेम्स उन्हें लंबे समय से फंसाने की कोशिशें कर रहे हैं। ट्रंप ने लिखा कि उन्होंने बुरे वक्त में न्यूयॉर्क शहर की मदद की थी,

# नवलनी की मौत पर राष्ट्रपति बाइडन, पुतिन पर भड़के

एएनआई, वाशिंगटन। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। आगे उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। आगे राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं

# एलआईसी को आयकर विभाग से 21,740 करोड़ का रिफंड आदेश मिला

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को असेसमेंट ईयर 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए रिफंड आदेश प्राप्त हुए थे।

रिफंड की कुल राशि 25,464.46 करोड़ रुपये थी। इस संबंध में आयकर विभाग ने 15 फरवरी को 21,740.77 करोड़ रुपये जारी किए हैं।एलआईसी ने कहा कि कॉर्पोरेशन आयकर विभाग के साथ संतुलन का प्रयास कर रहा है। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए एलआईसी का कर प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) 26,913 करोड़ रुपये था।

वर्तमान अवधि के लाभ में उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर विशेष सवृद्धि से संबंधित 21,461 करोड़ रुपये की शुद्ध कर राशि शामिल है, जो नॉन पार फंड (नॉन पार्टिसिपेटिंग) से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित की गई है। 31 दिसंबर 2022 को समाप्त समान नौ महीने की अवधि के लिए प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 22,970 करोड़ रुपये था, जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। इसमें वित्तवर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही के लिए उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर विशेष वृद्धि से संबंधित 4,542 करोड़ रुपये की शुद्ध कर राशि शामिल थी, जिसे 30 सितंबर 2022 को नॉन पार्टिसिपेटिंग से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित किया गया था। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में एलआईसी 58.90 प्रतिशत की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी के मामले में अग्रणी बनी हुई है।

# मार्कस स्टोइनिस न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 21 फरवरी से न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है।टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पीठ में चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं।ऐसे में उनकी जगह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर आरोन हार्डी को टीम में जगह दी गई है।बता दें कि यह टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की आखिरी टी-20 सीरीज होगी। स्टोइनिस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के उपकप्तान और विकेटकीपर मैथ्यू वेड भी अपने तीसरे बच्चे के जन्म के कारण 21 फरवरी को वेलिंगटन में होने वाले सीरीज के पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, वह शेष 2 मैचों में खेलेंगे।

**हैट्रिक बनाएंगे, रिकॉर्ड तोड़ेंगे....**

वो बारी हमारी है। गुजरात में 1997 से लगातार सरकार में रहने का भी जिक्र किया। 2014 से पहले जब मैं हरियाणा में जाकर कहता था कि भाजपा सरकार बनाएगी तब वहां लोग हमारा मजाक बनाते थे लेकिन हमने वहां लगातार दो बार सरकार बनाई।÷ उन्होंने असम से लेकर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश से लेकर मणिपुर, त्रिपुरा से लेकर छत्तीसगढ़, तेलंगाना सब चुनावों का जिक्र किया। श्री नड्डा ने कहा,÷ ये सब मोदी की गारंटी से संभव हुआ है। उन्होंने मध्य प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि 'मोदी के मन में एमपी है, एमपी के मन में मोदी है', ये लोगों को छू गया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सहित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पी वी नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का और उनके कामों का जिक्र किया जिन्हें भारत रत्न से नवाजा गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया।

***मोदी का फॉर्मूला 370 लाएगा....***

मोदी का 23 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार से मुक्त रहा- अब कुल वोटर का 50 फीसद पाने की तैयारी है। विपक्षी दलों को लगातार भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर घेरने वाले पीएम मोदी की रणनीति में यह भी है कि आमजन तक सुशासन का संदेश पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी का 23 वर्ष का कार्यकाल भ्रष्टाचार और आरोपों से मुक्त रहा है। ऐसा कोई दूसरा नेता और सरकार नहीं है, इसलिए आम मतदाता तक सुशासन की यह कहानी भी पहुंचानी होगी। भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ-कई चुनाव परिणामों से यह परिलक्षित हो चुका है कि खास तौर युवा वर्ग और महिलाओं का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी के प्रति काफी मजबूत हो रहा है। लिहाजा, आगामी लोकसभा चुनाव में भी इस वर्ग पर पार्टी की नजर रहेगी। मोदी ने कहा है कि कार्यकर्ता अगले 100 दिनों के लिए कमर कस लें। भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में जनता को मिला है, इसलिए इन लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए 25 फरवरी से देशभर में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं पर विशेष फोकस करने के साथ ही पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को 2014 से पहले और 2014 के बाद की तुलना कर बदलते भारत की तस्वीर भी दिखानी होगी। तू-तू मैं-मैं की राजनीति करेगा विपक्ष, ध्यान न दें- प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी संकेत दे दिया कि उन पर विपक्ष के व्यक्तिगत हमले और बढ़ सकते हैं। पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव में विपक्ष तू-तू मैं-मैं की राजनीति का भी प्रयास करेगा, लेकिन इस पर ध्यान नहीं देना है। भाजपा का चुनाव अभियान विकास के आधार, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्य और देश को दुनिया में गौरवान्वित करने पर आधारित होगा। पीएम ने कार्यकर्ताओं को यह भी संदेश दिया कि लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चलती रहेगी, लेकिन कार्यकर्ताओं को हर सीट पर कमल के फूल को प्रत्याशी मानकर चुनाव अभियान में जुटे रहना है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, मुरली मनोहर जोशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

***यह नफरत का नहीं मोहब्बत का देश...***

## शेष प्रथम पृष्ठ का

खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया. इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सर्व सेवा संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की. रेलवे ने कब्जा कर ली जमीन : जयराम रमेश - सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, राजघाट देश की राजधानी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का समाधि स्थल है. यह वाराणसी में एक स्थान भी है जहां जन सेवा में लगी एक संस्था का मोदी सरकार ने गला घोंट दिया है. सर्व सेवा संघ की शुरुआत आचार्य विनोबा भावे ने की थी. डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री और जयप्रकाश नारायण जैसी हस्तियां इससे जुड़ी हुई थीं. उन्होंने कहा, वाराणसी रेलवे स्टेशन से सटे 13 एकड़ भूमि पर चल रहे सर्व सेवा संघ को 2023 के अगस्त महीने में यहां से बेदखल कर दिया गया और यह भूमि भारतीय रेलवे द्वारा कब्ज़ा कर ली गई. संस्था के पास दखल (कब्जे) के पूरे कागज़ात थे. इस परिसर का केवल एक कोना बचा हुआ है जहां पर गांधी विद्या संस्थान है, क्योंकि इसे पहले ही आरएसएस ने संस्थागत रूप से कब्ज़ा कर लिया है.

रमेश ने कहा, इस उजड़े हुए परिसर का दौरा करना बेहद निराशाजनक अनुभव था. वहां भारतीय रेलवे का साइन बोर्ड लगा था. एक बार के लिए अनधिकृत रूप से वहां जाने पर मुझे गर्व महसूस हुआ. रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री जी भले ही महात्मा की छड़ी और चश्मे को हथिया लें, लेकिन उनका संबंध एक ऐसी विचारधारा से हैं जिसने कभी भी महात्मा गांधी को नहीं अपनाया है... अंततः इसी विचारधारा ने उनकी हत्या की और आज यही विचारधारा नाथूराम गोडसे का महिमा मंडन करने में लगी है. सिराथू विधायक पल्लवी पटेल भी यात्रा में हुई शामिल- अपना दल (कमेरावादी) की नेता और कौशांबी के सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल भी वाराणसी में इस यात्रा में शामिल हुईं. वह खुली जीप में राहुल गांधी के बाईं ओर खड़ी थीं. उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वह रायबरेली में इस यात्रा में शामिल होंगे. यात्रा उत्तर प्रदेश से राजस्थान की ओर रुख करेगी.

***'लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा खत्म कर देंगे...***

मेरे पास एक अधिकारी आया और टप-टप आंसू बहाने लगा. उसने कहा कि हम पर दिल्ली के मंत्रियों के काम नहीं करने का दबाव बनाया जा रहा है. फाइनेंस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी को पैसे जारी नहीं करने की धमकी दे रहे हैं. कोर्ट ने फंड जारी करने का आदेश किया, लेकिन इन्होंने अबतक कोर्ट का आदेश नहीं माना.

दिल्ली बाप की जागीर नहीं जो विधानसभा खत्म कर देंगे- अरविंद केजरीवाल ने कहा, पानी बिल माफी का प्रस्ताव केजरीवाल पास करवा कर छोड़ेगा. हम बहुत छोटे लोग हैं. हमारी कोई औकात नहीं थी. बड़े बड़े षड़यंत्र हमारे खिलाफ कर रहे हैं. लेकिन हम डटे हुए हैं. क्योंकि करोड़ों लोगों की दुआएं हमारे साथ हैं. बद्दुआएं इन (भाजपा) लोगों के साथ हैं. देशभर में भाजपा ने जितने एमएलए खरीदे, उसके लिए पैसा कहां से आया? किसी के घर में भी रेड मारने घुस जाते हो. एक चवन्नी एक पैसा नहीं मिला. हमारी संपत्ति लोगों के दिलों में, जहां ढूंढ़ रहे हो वहां नहीं है. दिल्ली के सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी पुण्य की राजनीति करती है, भाजपा पाप की राजनीति करती है. लोगों को तय करना है उन्हें क्या चाहिए. उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतने पर वह दिल्ली में विधानसभा खत्म कर देगी. उन्होंने भाजपा को ऐसा करने की चुनौती देते हुए कहा, अरे किसी के बाप की जागीर है क्या दिल्ली? जो विधानसभा खत्म कर देंगे.

'आप' के 62 विधायकों पर अकेला रामवीर बिधूड़ी भारी पड़ा- भाजपा नेता रामवीर बिधूड़ी ने कहा, शराब नीति घोटाला केस में मनीष सिसोदिया और एक सांसद को जेल जाना पड़ा. नई शराब नीति से दिल्ली सरकार के खजाने को घाटा हुआ. मुख्यमंत्री को सदन में जवाब देना चाहिए कि जब कोई खामी नहीं थी तो फिर नई शराब नीति वापस क्यों ली गई? दिल्ली जल बोर्ड में भी घोटाले हुए हैं. जल बोर्ड आज 73 हजार के घाटे में चल रहा है. यह घोटाला तब हुआ जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन थे. मोहल्ला क्लीनिक में 65 हजार टेस्ट फर्जी पाए गए. महिला सुरक्षा के लिए बसों में पैनिक बटन लगाने में भी घोटाला हुआ. दिल्ली सरकार ने फीडबैक यूनिट बनाकर जासूसी का काम किया. मुख्यमंत्री का अच्छा घर होना चाहिए. नया घर बनाने में 53 करोड़ खर्च हुए. लेकिन नक्शा पास क्यों नहीं करवाया गया? ना राजा रहेगा ना रानी रहेगी, यह दुनिया है फानी और फानी रहेगी. आम आदमी पार्टी के 62 विधायकों पर अकेला बिधूड़ी (सदन में मौजूद एकलौते भाजपा विधायक) भारी पड़ा है.

***छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना...***

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू और महापौर रायपुर श्री एजाज ढेबर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

***19 फरवरी को प्रदेशभर के***

कि उसके अतिरिक्त किसी भी अन्य राजनैतिक दल के पास किसी भी तरह का कोई संसाधन न रहे। कॉर्पोरेट से सांठगांठ और अनुचित दबाव बनाकर मोदी सरकार के विगत 10 सालों में भाजपा ने बेहिसाब धन की उगाही की है। उस पर कोई सवाल नहीं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के उन बैंक खातों को जिसमें क्राउट फंडिंग की राशि जमा हुई है, जिसमें 95 प्रतिशत राशि 100 रुपये से कम की है। उन तक पर रोक लगाना दुर्भावना और षड्यंत्र का प्रमाण है।

***मशहूर कवि गुलजार,***

रोशनी चली गई और शुरुआती वर्षों में उनके दादा ने उन्हें घर पर ही पढ़ाया. पांच साल की उम्र में उन्होंने पूरी भगवत गीता और आठ साल की उम्र में पूरी रामचरितमानस याद कर ली थी. वर्ष 1944 में स्थापित ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है. यह पुरस्कार संस्कृत भाषा के लिए दूसरी बार और उर्दू भाषा के लिए पांचवीं बार दिया जा रहा है. पुरस्कार में 21 लाख रुपये की पुरस्कार राशि, वाग्देवी की एक प्रतिमा और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है. पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का निर्णय ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता प्रतिभा राय की अध्यक्षता में एक चयन समिति द्वारा किया गया. चयन समिति के अन्य सदस्यों में माधव कौशिक, दामोदर मावजो, प्रोफेसर सुरंजन दास, प्रोफेसर पुरुषोत्तम बिलमाले, प्रफुल्ल शिलेदार, प्रोफेसर हरीश त्रिवेदी, प्रभा वर्मा, डॉ जानकी प्रसाद शर्मा, ए. कृष्ण राव और ज्ञानपीठ के अध्यक्ष मधुसूदन आनंद शामिल हैं. वर्ष 2022 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार गोवा के लेखक दामोदर मावजो को दिया गया था.

***झारखंड का पॉलिटिकल ड्रामा..***

से मंत्री पद दिए जाने के बजाय उन्हें हटाया जाए और नए विधायकों को मौका दिया जाए। बता दें कि आज रांची के बिरसा चौक स्थित होटल रासो में कांग्रेस खेमे के नाराज 10 से ज्यादा विधायकों को मनाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बेटे और राज्य के नए नए पथ-भवन निर्माण मंत्री बने बसंत सोरेन स्वंय पहुंचे. लगभग 1 घंटे से ज्यादा समय तक कांग्रेस के नाराज विधायकों को मनाने का प्रयास किया. नाराज विधायकों को बसंत सोरेन समझाते रहे और अपने स्तर से विधायकों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन देते रहे, लेकिन विधायक अपनी मांग पर अड़े रहे और नतीजा विफल हुआ। नाराज विधायकों ने एक स्वर में कहा कि वह चंपई सोरेन की सरकार या महागठबंधन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस कोटे से पुराने मंत्रियों को ही दोबारा मंत्री पद की शपथ दिलाई गई, वह गलत है. इसलिए हम सब विधायक एकजुट होकर दिल्ली जा रहे हैं. आलाकमान के समक्ष नॉन परफॉर्मर मंत्रियों को हटाकर नए चेहरे को मौका देने की बात करेंगे।

झारखंड कांग्रेस के 17 विधायकों में से 12 नाराज- नाराज विधायकों में कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, नमन विक्सल कोगाड़ी, राजेश कच्छप, दीपिका पांडे सिंह, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्णिमा नीरज सिंह, सोनाराम सिंकू, रामचंद्र सिंह, भूषण बा?ा समेत अन्य शामिल हैं. नाराज विधायकों में से आज आठ विधायक दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं, जबकि दो अन्य विधायकों के कल दिल्ली जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि अगले सप्ताह 23 फरवरी से झारखंड का बजट सत्र आहूत है. ऐसे में चंपई सोरेन सरकार के अहम अंग कांग्रेस पार्टी के लगभग एक दर्जन विधायकों के नाराज होने से सरकार के सेहत पर भी फर्क पड़ेगा, हालांकि राजनीतिक जानकारों की माने तो मंत्री बनने की लालसा में कांग्रेस कोटे के विधायक दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं. यह महज प्रेशर पॉलिटिक्स का हिस्सा है। अब देखना दिलचस्प होगा, जब झारखंड की राजधानी से दिल्ली की राजधानी पहुंचे कांग्रेस के नाराज लगभग आधा दर्जन विधायकों की मांग पर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कोई परिवर्तन करता है या फिर विधायकों को निराशा हाथ लगती है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन ने राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम एवं राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली थी, राज्य में 81 सदस्यीय विधानसभा में जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन के 47 विधायक (जेएमएम-29, कांग्रेस-17 और एक राजद) हैं।

# संगीत एक साधना है और गंधर्व समाज उसका साधक है- अशोक नायक प्रांतीय अध्यक्ष



धूमधाम से मनाई गई दूसरी गंधर्व जयंती

**डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में बसंत पंचमी के अवसर पर लगातार दूसरे वर्ष गंधर्व जयंती एवं एक दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक नायक के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भगत सागर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे चित्ररथ गंधर्व महाराज की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात कोसरिया पटेल भवन से बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जो थाना चौक, भगतसिंह चौक, गोलबाजार होते हुए वापस पटेल भवन पहुंची जहाँ पर अतिथियों का उदबोधन हुआ तथा अंत में सम्मेलन में शामिल सभी सामाजिक बंधुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष अशोक नायक ने कहा कि संगीत एक साधना है, और गंधर्व समाज उसका साधक है।

उन्होंने कहा कि समाज के द्वारा प्रत्येक जिले में अलग-अलग तिथि में संत शिरोमणि चित्ररथ महाराज की जयंती मनाने का प्रयास किया जा रहा है। सवर्प्रथम मोक्षधाम सांकर दाहरा में उसके पश्चात डोंगरगढ़ में महाराज जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

## बाजा बोर्ड के गठन की मांग

समाज को 10 डिसमिल भूमि का आबंटन हो चुका है। जल्द ही उसमें समाज के भवन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जायेगी। श्री नायक ने कहा कि इस वर्ष सांकरदाहरा में आयोजित सम्मेलन में उपस्थित अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं मधुसूदन यादव से अन्य समाजों की तरह गंधर्व समाज के लिए भी बाजा बोर्ड का गठन करने की मांग समाज ने रखी है। कार्यक्रम को प्रांतीय उपाध्यक्ष नारद गंधर्व, समाज की प्रांतीय महिला उपाध्यक्ष रेखा देवदास सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर 19 से

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 25 जनवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 फरवरी को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानद वार्ड नं. 29 के लिये सामुदायिक भवन मठपारा में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 20 फरवरी को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिये मंगल भवन लखोली दुर्गा चौक में एवं 21 फरवरी को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

# मां सरस्वती का जन्मदिन समर्पण दिवस व विद्या आरंभ दिवस के रूप में मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में माता सरस्वती के जन्म दिवस को समर्पण दिवस व विद्या आरंभ दिवस के रूप में मनाया गया। प्राथमिक विभाग में छोटे-छोटे भैया बहन को विद्या आरंभ संस्कार दिया गया। इन भैया बहनों को मंत्रोचार के साथ स्लेट पर ओम लिख कर उनका विद्या आरंभ संस्कार किया गया। साथ ही हवन यज्ञ का कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमे अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

छोटे बहनों ने मां सरस्वती का रूप धारण करके विद्यालय में आए थे मानो साक्षात मां सरस्वती विराजमान हो गई हो। ऐसाआभास हो रहा था, छोटे-छोटे भैया बहन ने भगवान की पालकी को कंधे पर उठाकर नगर में भ्रमण किए जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुशील यादव उत्तम नागमोते श्रीमति अमिता जैन , कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति वाला वैष्णो ने किया। इसी प्रकार दोपहर पाली में बसंत पंचमी धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर मंच पर सुनील जैन अध्यक्ष शिक्षा समिति, नीलम चोपड़ा, व्यवस्थापक सरस्वती शिक्षा समिति, प्रकाश गिरधर शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष, प्राचार्य प्रकाश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर हुए विविध आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के पूजन द्वारा किया गया।।तत्पश्चात विद्यालय की भैया बहनों ने बसंत पंचमी माता सरस्वती के प्रादुर्भाव से संबंधित विभिन्न कथा कहानियां, कविता, गीत आदि प्रस्तुत किया गया जिनमे शामिल है। याचना साहू, भारती निषाद ,वाणी साहू, हर्षिता जंघेल आदि आचार्य डीगेश साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत गया गया भैया शशांक डोंगरे ने समर्पण दिवस के रूप में अपने जेब खर्च बचाकर जो गुल्लक जमा किया था उसको फोड़ के उन्होंने रूपये, विद्यालय को दान किया उद्बोधन के क्रम में श्री सुरेश दास वैष्णव जी ने माता सरस्वती को विद्या ,एवम ज्ञान की देवी बतलाया, श्री प्रकाश यादव जी ने समर्पण दिवस की महत्ता को प्रतिपादित किया और वीर हकीकत के बलिदान को याद किया। थैलेश साहू ने मातृ-पितृ पूजन दिवस पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने समर्पण का अर्थ दान बताते हुए देश हित में समाजहित में दान करने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन बहन डिंपल यादव ने किया। कार्यक्रम को बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, धर्मेंद्र गोमास्ता, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस.राव, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, स्मृति पांडे, सुषमा शांडिलकर, रेवती वर्मा, कौशल्या वर्मा, पल्लवी भिवगडे, ऋतु साहू, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# समूहों को फिर रेडी टू ईट का कार्य मिलने से लाखों महिलाएं होंगी आत्मनिर्भरः गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि सेवा ही संकल्प का ध्येय लेकर कार्य कर रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव, गरीब, किसान के हित में तो कार्य कर ही रही है, अब महिला सशक्तिकरण को दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

इसका स्पष्ट उदाहरण महतारी बंदन योजना की स्वीकृति है। जिसका लाभ आगामी 1 मार्च से समस्त पात्र महिलाओं को मिलेगा। वहीं, एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सस्कार ने रेडी टू ईट निर्माण कार्य अब पुनः महिला समूहों को देने पर विचार कर रही है। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराया है। श्रीमती साहू ने बताया कि राज्य में 30 हजार से अधिक महिला स्व. सहायता समूह है। 20 नवंबर 2022 को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने षडयंत्र पूर्वक रेडी टू ईट का काम महिला समूहों से छीनकर बीज निगम को सौंप दिया था। और बीज निगम ने रेडी टू ईट का कार्य निजी एजेंसियों को दिया था। जिससे हजारों महिला समूहों में कार्यरत 3 लाख महिलाएं बेरोजगार हो गई थीं, तथा उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया। अनेक समूह की महिलाओं ने रेडी टू ईट निर्माण के लिए बैंक से ऋण लेकर मशीनें तक लगा रखी थी। लेकिन कांग्रेसी कार्यकाल में समूह की बहनों से काम छीनकर उन्हें परेशान किया गया। समूह की महिलाओं से रेडी टू ईट कार्य छीनने से बैंक का ऋण चुकाने में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वर्तमान में उन्हें पुनः उन्हें रेडी टू ईट का कार्य मिला तो प्रदेश भर के समस्त महिला समूहों को इसका लाभ मिलेगा। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे. छोटे बच्चों को पोषण आहार मिलने से उनके सेहत में वृद्धि होगी, कुपोषण दर में कमी आएगी।

# 3 वर्ष से फरार स्थायी वारंट गिरफ्तार



गंडई-पंडरिया (दावा)। पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई श्री त्रिलोक बंसल (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में नंदू चन्द्रवंशी आरक्षक शिशुपाल साहू के द्वारा आज 16 फरवरी को माननीय विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.) राजनांदगांव के प्रकरण क्र. 09/2021, अपराध क्र. 63/2021 धारा 20(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के 03 साल से फरार स्थायी वारंटी मनीष सिंग राजपूत पिता स्व. लक्ष्मी सिंग राजपूत उम्र 33 साल निवासी मकान नं. 191 रिसाली भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग अलग-अलग ठिकाना बदल-बदल कर लुक छिपकर रह रहा है, जो अभी अपने गृह निवास में आया हुआ है, जो भागने के फिराक में है कि सूचना के आधार पर थाना से तत्काल टीम तैयार कर रिसाली भिलाई पहुंचकर स्थायी वारंटी को घेराबंदी कर पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी प्रकार थाना छुईखदान के अन्य फरार स्थायी वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की पता तलास की कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

# कृषि पंप तकनीशियनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा कृषि पंप तकनीशियनों को ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण व सुरक्षा की जानकारी और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से क्रेडा जिला कार्यालय राजनांदगांव अंतर्गत संभाग स्तरीय कृषि पंप तकनीशियनों का पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षणार्थीयों को उनके सौर कृषि पंप का चयन, संचालन, संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण में अधिक दक्षतापूर्वक किया जा सकेगा।**

इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार मिलेगा, बल्कि प्रशिक्षणार्थी दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

क्रेडा जोनल कार्यालय दुर्ग के अधीक्षण अभियंता श्री भानुप्रताप ने संभाग स्तरीय कृषि पंप तकनीशियनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के लिए स्टार रेटेड कृषि पंपों की सहायता से विद्युत की खपत को कम किया जा सकता है। साथ ही सोलर पंप का उपयोग कर कृषि सिंचाई में होने वाले जल का संरक्षण किया जा सकता है।

जल की उपलब्धता के आधार पर पंप के क्षमता का चयन किया जाना है। कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री एसएस देशलहरा द्वारा कृषि विभाग द्वारा पंप स्थापना एवं बोर खनन के लिए संचालित विभिन्न योजना के बारे में बताया गया। उन्होंने योजनांतर्गत मिलने वाले अनुदान एवं निर्धारित मापदण्ड के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि पंप निर्माता इकाईयों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कृषि पंपों के उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किलोस्कर कम्पनी के श्री अवनिश शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों को एनर्जी एफीसिंऐन्ट पंप के चयन, स्थापना एवं रखरखाव, सोलर पंप में आने वाले समस्याओं के निराकरण के बारे में जानकारी दी। सोलर सर्फेस पंप व सबमर्सिबल पंप के संचालन व संधारण के बारे में बताया। केएसबी पंप निर्माता कंपनी के प्रतिनिधि श्री चंद्रहास द्वारा वर्तमान में स्थापित हो रहे केएसबी के पंप एवं कंट्रोलर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रोटोसोल पंप कंपनी के प्रतिनिधि श्री हेमंत सिन्हा द्वारा पूर्व में स्थापित कंट्रोलर एवं पंप के स्थापना एवं संचालन व संधारण की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि द्वारा संभाग दुर्ग के जिला-कबीरधाम, बेमेतरा, बालोद, दुर्ग एवं राजनांदगांव से पहुंचे प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने फिल्ड विजिट में ग्राम नंदई निवासी श्री युगल किशोर के खेत में स्थापित 5 एचपी सबमर्सिबल पंप का अवलोकन किया। कृषक द्वारा अपने तीन एकड़ के खेत में मटर एवं सब्जी की खेती की गई है। संभाग स्तरीय प्रशिक्षण में जिला प्रभारी पूर्णिमा गुप्ता एवं कौशल विभाग के सहायक संचालक श्री देवेन्द्र महेश्वरी व जोनल कार्यालय के सहायक अभियंता श्री नितेश बंछोर, श्री दिनेश चंद्रा, उप अभियंता श्री हेमराज बंजारे, श्री मेघराज साहू, सरोज ठाकुर, श्री चंदन वर्मा, श्री धीरज वर्मा, श्री रविचरण भण्डारी, श्री गौरव मेश्राम, श्री धनेश्वर चंद्रवंशी, श्री दीपक सिन्हा एवं क्रेडा जिला कार्यालय राजनांदगांव के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोखला स्कूल में बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ पूजन दिवस मना

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मोखला में 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर पूजन कर किया गया, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता का पुष्प हार पहनाकर आरती उतार कर पूजन किया गया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जे एल साहू, प्रभारी माध्यमिक शाला डी.के.चंद्राकर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र निषाद, देवनारायण यादव, एस कुमार साहू,डी.के.नामदेव, आर.के. यादव,प्रीति चतुर्वेदी, डी.सी.साहू, यामिनी ठाकुर,एम.के.साहू, अनसुईया यादव, हेमकुमारी साहू, चित्ररेखा साहू पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जामिअतुल मदीना की वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ



राजनांदगांव (दावा)। दावते इस्लामी इण्डिया के डिपार्टमेण्ट जामिअतुल मदीना (आलिम कोर्स) के परीक्षा विभाग प्रमुख मौलाना शाने इलाही मदनी ने बताया कि 15 फरवरी 2024 से पूरे देश में जामिअतुल मदीना की 275 ब्रांचेज में वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ हो रही है जिसमें लगभग 20 हज़ार आलिम कोर्स के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। जामिअतुल मदीना की वार्षिक परीक्षा की सभी गतिविधियों का संचालन केन्द्रीय स्तर पर किया जाता है। सभी छात्र-छात्राओं की एडमिट कार्ड स्टूडेण्ट मेनेजमेण्ट सॉफ्टवेयर के माध्यम से जारी किए जाते हैं।

सम्पूर्ण भारत के छात्र-छात्राओं के लिए केन्द्रिय स्तर पर समान प्रश्नपत्र जारी किये जाते हैं। सभी छात्र छात्राओं के लिए प्रश्नपत्र छप कर परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के साथ भेज दिये गए हैं। सभी प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षित रख दिया गया है। प्रत्येक जामिअतुल मदीना में स्टाफ के अतिरिक्त अन्य शहरों से 310 परीक्षा निरीक्षकों की नियुक्तियों की गई है जो परीक्षा पूर्ण होने तक उसी शहर में रह कर कड़ी निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करवाएंगे।

वहीं 1012 परीक्षा पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। परीक्षा के दौरान नकल व अन्य अनुचित माध्यमों के उपयोग को रोकने के लिए भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा पत्र लीक होने पर प्रश्नपत्र रद कर दिया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पूरे भारत में 29 कॉपी चेकिंग सेण्टर स्थापित किए गए हैं जहां 179 अनुभवी अध्यापकों के द्वारा लगभग 90 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाएं चैक होने के पश्चात उत्तर पुस्तिकाओं का पुनरीक्षण करवाया जाता है। पुनरीक्षण के पश्चात केन्द्रिय स्तर पर ही सभी जामिअतुल मदीना का परिणाम एक साथ घोषित किया जाएगा। इस परीक्षा परिणाम को जामिअतुल मदीना की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। किसी भी विद्यार्थी को परिणाम पर संशय होने की स्थिति में रिचेक का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

एक या दो प्रश्नपत्रों में असफल होने पर परीक्षार्थियों के लिए पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी।- राजनांदगांव शहर में स्थित जामिअतुल मदीना फैजाने उस्माने गनी में भी परीक्षार्थी दावते इस्लामी इण्डिया के जामिअतुल मदीना की वार्षिक परीक्षा में भाग ले रहे है। परीक्षा के दौरान समय-समय पर शहर के प्रसिद्ध उलमा-ए-किराम व शहर के शिक्षाविदों के द्वारा भी निरीक्षण का सिलसिला रहेगा।

# उप मुख्यमंत्री पद को लेकर सुको का निर्णय स्वागतेय - हैरी जोसेफ



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैंरी जोसेफ ने कहा कि उपमुख्यमंत्री पद को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि डिप्टी सीएम का पद असंवैधानिक नहीं है। यह पद सिर्फ पद है जो वरिष्ठ नेताओं को दिया जाता है। इस पोस्ट पर नियुक्त व्यक्ति को अतिरिक्त लाभ किसी प्रकार से नहीं पहुंचाया जाता है।

श्री जोसेफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर आभार जताते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचुड, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला व यायाधीश मनोज मिश्रा इन तीनों माननीय की बेंच ने सोमवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए या फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने कहा है कि सरकार में पार्टीयों के गठबंधन या दूसरे वरिष्ठ नेताओं को ज्यादा महत्व देने के लिए या प्रक्रिया अपनाई जाती है। बेंच ने याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री नियुक्ति असंवैधानिक नहीं है। श्री जोसेफ ने आगे कहा कि भाजपा का विश्व में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विपक्षी पार्टियों एवं उनके नेताओं को ईर्ष्या हो रही है। चुनाव में जनता ही कांग्रेस को नकार रही है तो चुनाव आयोग पर ही उंगली उठा रहे हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी हो रही है।

भाजपा शासित राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति पर भी के पेट में दर्द हो रहा है आने वाले समय में भाजपा का मिनमेख निकालने के लिए भाजपा के विपक्षी दाल और उनके नेता पता नहीं क्या-क्या हथकंडे अपनाते रहेंगे। भाजपा इससे घबराने वाली नहीं है वह तो सिर्फ एक ही लक्ष्य पर चल रहे हैं कि सबका साथ और सबका विकास और इसी तरह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न के अनुरूप विकसित भारत का सपना साकार हो जाएगा। दूसरी ओर विपक्षी दलों को अपना अस्तित्व बचाने के लिए हाथ पैर मारते रहना पड़ेगा।

# दंतेश्वरी शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। दंतेश्वरी शिशु मंदिर बसंतपुर राजनांदगांव में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धुमधाम से मनाया गया संस्था प्रमुख श्रीमती राजेश्वरी तिवारी के द्वारा माता सरस्वती की पुजा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई जो निम्न अनुसार हैं-मराठी गीत, बस्तरिया गीत, अरपा पैरी के धार, फनी डांस, मिक्स डांस, भुत डांस, हारर डांस, फिल्मी डांस, की प्रस्तुति दी गई हमारे मुख्य अतिथियों श्री देवशरण सेन, किशुन यदु, शेखर यादव पूर्व पार्षद, प्रवीण यादव थे। उन्होने दीप प्रज्वलित किया एवं आपने भाषण के द्वारा सभी बच्चो को आशीर्वाद प्रदान किया तथा शाला के संचालक सतीष तिवारी द्वारा श्रीफल एवं शाल भेंट स्वरूप दिया गया।

# समाज सेविका श्रीमती सविता तिलक सोरी के नेतृत्व में वनांचल के पंच, सरपंचों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



राजनांदगांव(दावा)। वरिष्ठ समाज सेवी श्रीमती सविता तिलक सोरी के नेतृत्व में मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने बुधवार 15 फरवरी को राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके कक्ष में भेंट की।

इस दौरान समाजसेवी श्रीमती सविता तिलक सोरी के नेतृत्व में वनांचल के सरपंचों में अपने-अपने ग्राम पंचायत तथा अंचल के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वनांचल के पंच, सरपंच एवं उनके जनप्रतिनिधियों को उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। इस दौरान वनांचल के सरपंचों ने विधानसभा के अध्यक्षी दीर्घा में बैठकर विधानसभा के कार्यवाही का भी अवलोकन किया। इस मौके पर मानपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोतरी, फुलकोहड़ो, डोकला, भर्रीटोला, कोराचा, टप्पा के सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# निकाय क्षेत्र के बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर नोटिस जारी करें - कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नगरीय निकाय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर मुख्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व वसूली, महतारी वंदन, शहर की साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सम्पत्ति, दुकान किराया एवं जलकर को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने निकाय क्षेत्र के बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने ऑफलाइन प्राप्त और ऑनलाइन हुए आवेदनों की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। पात्र महिलाओं को योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने निर्देशित किए। इसके अलावा नगरीय निकाय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। वही स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द शुरू कराने कहा। साथ ही शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किए। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला, नगर पंचायत छुईखदान सीएमओ कमल नारायणा जंघेल एवं नगर पंचायत गंडई सीएमओ गिरीश कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# 25 करोड़ से तैयार होने वाले नए रेल्वे स्टेशन का पीएम मोदी करेंगे आभासी एनोग्रेशन

राजनांदगांव (दावा)। एयरपोर्ट लाउंज की तरह दिखाई देने के लिए जिस राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। उसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर मंडल प्रबंधक नमिता त्रिपाठी शनिवार को यहां पहुंची। उन्होंने राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन परिसर क्षेत्र में अमृत भारत योजना के तहत चल रहे 25 करोड़ के निर्माण कार्य का रेल्वे अधिकारियों के साथ घूम-घूम कर जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बता दे कि उक्त योजना के तहत स्थानीय रेल्वे स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह लुक दिया जा रहा है। इसका काम द्रुत गति से जारी है।

## प्रबंधक से रेल यात्रियों की सुविधाएं संबंधित की गई चर्चा



डीआरएम नमिता त्रिपाठी ने घुम-घुम कर तैयारियों का लिया जायजा

### पीएम मोदी 26 को करेंगे उद्घाटन

बता दे कि स्थानीय रेल्वे स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत किए जा रहे कायकल्प के तहत स्टेशन पारा की ओर बड़ा सा पार्किंग बनाने व स्टेशन का समूचा स्वरूप बदलने तेजी से कार्य हो रहा है। जिसमें 11 करोड़ खर्च होंगे। दो चरणों में होने वाले उक्त कार्य के तहत राजनांदगांव शहर व स्टेशन पारा दिशा की ओर वाहनों के लिए एक विशाल नई पार्किंग और चौड़ी रोड़ बनेगी। बड़ा वेटिंग हाल बनने वाला है। यहां तीसरी सीढ़ी का काम पूर्ण हो चुका है। वहां बस एस्केलेटर लगना बाकी है और चौथी सीढ़ी बनाने की योजना है। इसी तरह शहर की ओर सर्वसुविधायुक्त एक नम्बर प्लेटफार्म व विशाल पार्किंग स्थल बनाए जाने है।

यह काम द्वितीय चरण में चालू होगा। बताया जाता है कि अप्रैल माह में चौथी रेल लाईन बिछाने के मुताबिक काम शुरू होगा। 25 करोड़ रूपए की लागत से चल रहे उपरोक्त निर्माण कार्य व रेनोवेशन का एनोग्रेशन पीएम नरेन्द्र मोदी करने वाले है। इसके लिए भव्य तैयारियां की जा रही है। इसी सिलसिले में प्रबंधक श्रीमती त्रिपाठी का यहां दौरा हुआ और उन्होंने स्थानीय रेल्वे स्टेशन परिसर में चल रहे कार्यों व पीएम श्री मोदी के द्वारा 26 फरवरी को किए जाने वाले आभासी एनोग्रेशन की तैयारियों का जायजा लिया।

### रेल यात्रियों की सुविधाओं पर चर्चा

बता दे कि नांदगांव रेल्वे स्टेशन में अमृत भारत योजना स्टेशन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दल-बल के साथ विशेष सेलुन में पहुंची प्रबंधक श्रीमती त्रिपाठी से लोगों ने रेल यात्रियों की सुविधाओं पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में नागपुर रेल डिवीजन के शीर्षस्य अधिकारी व प्रभारी स्टेंशन प्रबंधक सुजीत कुमार स्टाफ के लोग मौजुद थे। बता दे कि 26 फरवरी को मोदी जी द्वारा आभासी एनोग्रेशन करने के लिए एक नम्बर प्लेट फार्म के पश्चिम हिस्से में 16312 का बड़ा सा एलईडी स्क्रीन वाला डिस्प्ले बोर्ड तैयार हो रहा है। जिसके आसपास विशिष्ट अतिथियों व रेल्वे अधिकारियों के लिए सोफा सेट लगेंगे। वही स्टेशन पारा दिशा की ओर वीआईपी व्यक्ति के वाहनों के लिए तथा जनरल पब्लिक के लिए सर्व-सुविधा युक्त पार्किंग व्यवस्था निर्माण के लिए निर्देश दिए गये है।

# मंदिर परिसर स्थित टीवी स्क्रीन पर अश्लील फिल्म दिखते ही दर्शनार्थियों के बीच मचा बवाल

## अज्ञात आरोपी के खिलाफ मंदिर ट्रस्ट ने दर्ज कराया एफआईआर

डोंगरगढ़ (दावा)। ऊपर पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी जाने वाले मार्ग में लगे टीवी स्क्रीन में विज्ञापन के स्थान पर अचानक 1 मिनट के लिए अश्लील पिक्चर दिखलाए जाने से माता के दर्शन के लिए जाने वाले भक्त जनों में हड़कंप मच गया। जिसे लेकर मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। इसके पूर्व मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों की ओर से भी अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि, उपर मंदिर जाने वाले मार्ग में लगे टीवी स्क्रीन में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अचानक अश्लील फिल्म प्रसारित किए जाने की जानकारी कर्मचारियों से प्राप्त हुई है। रिषभ इनोवेसन्स एलएलपी पंजीकृत कार्यालय संख्या 9/233 लक्ष्मी टावर्स सदर बाजार रायपुर के द्वारा हिन्दु धर्म के प्रचार प्रसार हेतु टीवी स्क्रीन लगया गया है।उपर मंदिर कार्यालय के सामने लगे टीवी स्क्रीन में 16 फरवरी को लगभग शाम 5.40 बजे अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अश्लील फिल्म प्रसारित करने लगा। जिसे मेरे जानकारी में आने पर मेरे द्वारा तत्काल बंद कराया गया।



दर्शनार्थियों की ओर से भी की गई शिकायत

### संस्था को बदनाम करने की साजिश

अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ की गई शिकायत में मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आशंका व्यक्त की है कि ऐसा प्रतीत होता है कि जान बुझकर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उक्त हरकत संस्था को बदनाम करने के उददेश्य से किया गया है।अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किये गये हरकत से लोगो की धार्मिक भावना को ठेस पहुची है।विस्तृत जांच कर दोषी व्यक्ति पर प्रशासन की ओर से कठोर कार्यवाही की जाय।

पुलिस तत्काल हरकत में आई - पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर के कार्यालय के सामने लगे टीवी स्क्रीन में अचानक अश्लील वीडियो प्रसारित किए जाने की शिकायत दर्ज होते ही स्थानीय पुलिस एवं साइबर पुलिस की टीम सक्रियता से जांच में जुट गई है। पुलिस के जल्द ही आरोपी तक पंहुच जाने की सम्भावना बनी हुई है। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा इस घटना की भर्त्सना करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई है। जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# स्वदेशी के दौर में देश तेजी से दौड़ने लगा है-अमर पारवानी

## स्वदेशी मेले के शुभारंभ में उमड़ा जनसैलाब




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय विपणन संघ द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का आज स्टेट हाईस्कूल में संध्या 7 बजे शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजेश ताम्रकार ने की। मुख्य अतिथि के आसंदी से चेंबर के अध्यक्ष श्री पारवानी ने कहा कि आज स्वदेशी उत्पादों को लोग अपने दैनिक जीवन में शामिल कर रहे हैं, और जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'लोकल का वोकल' का नारा दिया है तब से देश की जनता लोकल उत्पादों के महत्व को आसानी से समझ रही है और इसे उपयोग में ला रही है। विदेशी वस्तुओं का उपयोग धीरे-धीरे घटने लगा है।

श्री पारवानी ने कहा कि जिन देशों में स्वदेशी उत्पादों का तेजी से उपयोग होता है, विक्रय होता है, वह देश तेजी से विकसित देशों की श्रेणी में आ रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए देश की जनता अब समझदार हो चुकी है और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने लगी है। श्री परवानी जी ने स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी मेले के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब वह दिन दूर नही, जब देश विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश ताम्रकार ने कहा कि इस आयोजन से सामाजिक समरसता के साथ-साथ विभिन्न आयोजनों से सामाजिक एकीकरण का सिद्धांत भी मजबूत होता है, उन्होंने स्वदेशी मेले के संयोजक एवं स्वागत समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकजुटता एवं आपसी व्यवहार मजबूत होता है और स्वदेशी के उपयोग से भारत की शक्ति बढ़ती है भारत का भविष्य उज्जवल होता है आज गांव शहर की एक ही पुकार है की स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा विक्रय हो सके। उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र को भी स्वदेशी ने मजबूती प्रदान की है।

विशेष अतिथि के रूप में श्री स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, विष्णु साव एवं श्रीमती बसंत लता निर्वाणी ने भी आयोजन के संदर्भ में जानकारी दी। स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ मार्गदर्शक नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि स्वदेशी का आचरण और उपयोग करने से देश आत्मनिर्भर होगा। स्वदेशी मेले के उद्घाटन के पूर्व सरस्वती वंदना श्रीमती गायत्री यादव ने प्रस्तुत की तथा देवी स्तुति सुश्री तिवारी ने प्रस्तुत किया। अतुल व्यास ने वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया।

आज मेले की शोभा बढ़ाने के लिए विशेष रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती एवं वरिष्ठ नेता सुरेश एच. लाल तथा सुश्री माधुरी जैन उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्वदेशी मेले की स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद डढ्डा, योगेश बागड़ी, राजा मखीजा, किशुन यदु, सुब्रत चाकी,आलोक बिंदल, ईश्वर शर्मा, संदीप भट्टाचार्य, भीष्म देवांगन, अनूप श्रीवास, भागचंद गिड़िया, आनंद वर्गीस, साधना तिवारी, सुधा पवार, संगीता शुक्ला, अनिमेष राय, हकीम खान, उज्जवल कशेर, रितेश देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी स्वदेशी मेले के प्रचार-प्रसार प्रभारी रवि सिन्हा एवं अमर लालवानी ने दी है।

# महतारी वंदन योजना: अब हितग्राही जान सकेंगे अपने आवेदन की स्थिति, इस लिंक पर करें क्लिक

राजनांदगांव (दावा)। महतारी वंदन योजना के हितग्राही अब अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। राज्य सरकार की ओर से हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि mahtarivandan.cgstate.gov.in लिंक की सहायता से हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# नपाप के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने दिया इस्तीफा

## 13 फरवरी को सीएमओ प्रमोद शुक्ला को सौंपा इस्तीफा

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद में कांग्रेस पार्टी का था कब्जा, लगभग दो वर्ष पूर्व सन् 2020 में हुए 20 वार्डों में नगरीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस ने और भाजपा ने 10-10 सीटों पर कब्जा जमाकर बराबर की स्थिति बनी हुई थी।

**खैरागढ़ कांग्रेस पार्टी में मची हड़कंप**



कड़ी उठापटक के बाद लाटरी पद्धति से अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र वर्मा और उपाध्यक्ष पद पर रज्जाक खान काबिज हुए थे। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार काबिज थी। कांग्रेस की सरकार जाते ही और भाजपा की सरकार काबिज होते ही राजनीति गलियारों में खलबली मची हुई है।

शहर के सियासी उठापटक के बीच नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने नगर पालिका परिषद के सीएमओ प्रमोद शुक्ला को सौंपा इस्तीफा, सीएमओ ने इस्तीफा को शासन स्तर पर उच्च अधिकारियों को भेजा मंजूरी के लिए। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा से उनके मोबाइल पर काल कर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ है।

### कांग्रेस का खैरागढ़ में बड़ा विकेट गिरा

मिली जानकारी अनुसार 13 फरवरी मंगलवार को ही शैलेंद्र वर्मा ने नपा अध्यक्ष पद से खैरागढ़ नपा सीएमओ प्रमोद शुक्ला को दे दिया था इस्तीफा, इस्तीफे का कारण नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा ने पारिवारिक कारण बताया है, हमें इसकी पुष्टि खुद नपा सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने की है। उन्होंने बताया कि मैंने शैलेंद्र वर्मा के इस्तीफे की जानकारी शासन स्तर पर उपर उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

# पिकनिक से लौट रही बच्ची दुर्घटनाग्रस्त



मारगांव स्कूल से बच्चे दो मालवाहकों में गए थे सूखानाला

डोंगरगांव (दावा)। पिकनिक से वापस लौट रही एक बच्ची एक वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, इस मामले में बच्ची के सिर व पैर में चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया है, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का संज्ञान लेकर मामले की जांच में जुट गई है, मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड डोंगरगांव अंतर्गत प्राथमिक शाला मारगांव से 45 स्कूली बच्चे दो डीआई पिकअप मालवाहक में भरकर सूखानाला बैरॉज पिकनिक के लिए गए थे जबकि उनके साथ पूरा स्कूल स्टॉफ अन्य कारों में साथ चल रहे थे। वापसी के दौरान ग्राम आरी के पास एक डीआई वाहन पीछे के वाहनों के लिए रूका हुआ था और बच्चे गाड़ी से उतरकर वहीं सडक़ किनारे इंतजार कर रहे थे, इस दौरान राजनांदगांव से मानपुर की ओर जा रहे मोटर साईकिल से भरा डीआई क्रमांक सीजी 08 एए 4979 की चपेट में आ गई। तेज गति से आ रहे इस वाहन की चपेट में आने से तमन्ना साहू पिता अंगेश साहू मारगांव उम्र 11 वर्ष जो प्राथमिक शाला मारगांव में 4थी कक्षा की छात्रा हैं उनके पैर और सिर पर गंभीर चोट आई है। दुर्घटना के बाद मौके पर उपस्थित राहगीरों की मदद से तमन्न को डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहाँ उसका प्राथमिक उपचार पश्चात सिर पर गंभीर चोट की वजह से राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया है.

इस मामले में इलाज कर रही डॉ.अर्चिता सिंग से बताया कि सडक़ दुघर्टना में बच्ची के बाये पैर में चोट आई है और सिर के पिछले हिस्से में सूजन है, इसे देखते हुए राजनांदगांव रिफर किया गया है।






# नवीन पदस्थापना में थानेदार हुए इधर से उधर

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने प्रशासनिक दृष्टि से जिले के कुछ निरीक्षक/उप-निरीक्षकों को आगामी आदेश पर्यत अस्थाई तौर पर तबादला किया गया है। इसमें रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन को बसंतपुर थाना प्रभारी की जगह दी गई है, वही यही के निरीक्षक अविनाश श्रीवास को छुरिया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह रक्षित केन्द्र के ही संतोष ठाकुर को प्रभारी ओ.एम. शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रक्षित केन्द्र के ही ओमप्रकाश ध्रुव को डी.आर.जी. राजनांदगांव में ही पदस्थापित किया गया है।

प्रभारी रीडर-1 ओ.एम. निरीक्षक संतोष भूआर्य को प्रभारी रीडर-1 बिटनेस प्रोटेक्शन सेल-राज. तबादला किया गया है। इसी तरह सुरगी चौकी प्रभारी पुरूषोत्तम ध्रुव को रक्षित केन्द्र राज. निरीक्षक कौसलेश देवांगन को यातायात ग्रामीण से चौकी प्रभारी सुरगी व निरीक्षक अजय खेस रक्षित केन्द्र राज. को यातायात ग्रामीण का पदभार दिया गया है। वर्तमान में थाना बसंतपुर में पदस्थ उप-निरीक्षक भूषण चन्द्राकर को नवीन चौकी प्रभारी सुकुल दैहान बनाया गया है। तबादले के इस क्रम में एसपी श्री गर्ग ने राजनांदगांव में पदस्थ उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह को जिला कोरबा, दरबारी राम तारम को जिला दुर्ग, बेदराम चन्द्रवंशी व निर्मल कुमार यादव को जिला दुर्ग स्थानांतरित किया गया है।

# आईपीएस डीआर आचला के डीआईजी पदोन्नत होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डी.आर आचला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पदोन्नत होकर डीआईजी (उप पुलिस महानिरीक्षक) बनने पर उनके निवास स्थान आदिवासी बाहुल्य जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी क्षेत्र सहित समुचे आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है।

उनके इस महत्वपूर्ण उलब्धि पर उनके मित्रों, शुभचिंतकों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आदिवासी समाज के लोगों ने श्री आचला के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री आचला वर्तमान में 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल धनोरा बालोद में सेनानी के पद पर पदस्थ हैं। उल्लेखनीय है कि श्री आचला आदिवासी बाहुल्य मानपुर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम टोहे के मूल निवासी है। वे घोर गरीबी एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आज इस मुकाम पर पहुँचे हैं। उन्होंने घर की गंभीर आर्थिक परिस्थिति एवं बचपने में ही अपने पिता जी के



देहांत हो जाने के कारण कक्षा 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। लेकिन अपने जीवन में कुछ बड़ा करने की तमन्ना तथा दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं जीजिविषा के चलते कक्षा 8वीं के बाद आगे की पूरी पढ़ाई स्वाध्यायी छात्र के रूप में करते हुए पहले शिक्षक पद पर चयनित हुए थे। उसके बाद उन्होंने सन् 1994 में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर चयनित होकर नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा सूरजपुर, बलरामपुर एवं मुंगेली जिला के पुलिस अधीक्षक के पद पर सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

श्री आचला सन् 2010 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अवार्ड हुए हैं। श्री आचला एक कुशल पुलिस अधिकारी के अलावा एक मिलनसार, मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी बेहतरीन इंसान के रूप में जाने जाते हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वे छोटे-बड़े प्रत्येक लोगों को बराबर सम्मान देते हैं तथा हर समय जरूरमंदों के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक भारी भरकम छवि के अधिकारी के रूप में हैं। श्री आचला के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गोंडवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष, नरेंद्र नेताम, संरक्षक हीरे सिंह घावड़े, जगत सलामे, नियंत्रक कोष लेखा एवं पेंशन तिलक सोरी, रेलवे एसपी जेआर ठाकुर, गोंड समाज के महासचिव संजीत ठाकुर, हल्बा समाज के जिलाध्यक्ष बिरेंद्र मसिया, कंवर समाज के जिलाध्यक्ष सीएल चंद्रवंशी, गोंडवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, युवा प्रभाग अध्यक्ष अंगद सलामे, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के अध्यक्ष अरविंद गोटे सहित गोविंद टेकाम, दिनेश कोरेटी, रमेश हिड़ामे, दिनेश उसेण्डी, दरोगा राम नेताम, कुमार कोरेटी, लखन सोरी, पुरूषोत्तम मण्डावी, भूपेंद्र मण्डावी, मन्नेसिंह मण्डावी सहित सभी सामाजिक प्रतिनिधियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# आदर्श विवाह के साथ आज मनेगा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। नगर देवांगन समाज द्वारा रविवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में मां परमेश्वरी का महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन के माध्यम से समाज में जागरूकता के साथ सेवा का भी संदेश दिया जाएगा। इसके तहत समाज की ओर से दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। नेत्रदान के साथ आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी होगा।

उधर समाज की तुलसीपुर-ममतानगर ईकाई में पारिवारिक मिलन समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है। समाज के नगर अध्यक्ष दयावान देवांगन ने बताया कि आयोजन दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में सुबह 11 बजे से प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। इस दौरान आदर्श विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। अध्यक्षता बीरगांव (रायपुर) के पूर्व महापौर ओमप्रकाश देवांगन करेंगे। सांसद संतोष पांडे विशेष अतिथि होंगे। साथ ही पूर्व सांद मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा आदि भी अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के बीच पहला सत्र समाप्त होगा।

### आज मां परमेश्वरी महोत्सव का कार्यक्रम

तुलसीपुर में पारिवारिक मिलन देवांगन समाज का तुलसीपुर-ममतानगर इकाई द्वारा रविवार को ही पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। लेबर कालोनी स्थित दशहरा मैदान से लगे सामुदायिक भवन में उक्त आयोजन सुबह 9.30 बजे मां परमेश्वरी पूजन के साथ शुरू होगा। सुबह 11.30 बजे से मंचीय कार्यक्रम शुरू होगा। दोपहर 12 बजे आतिथ्य कार्यक्रम प्रस्तावित है। दोपहर 2.40 बजे भोजन व क्रीडा उत्सव होगा। साढ़े चार बजे सम्मान व पुरस्कार वितरण होगा। शाम 5.30 बजे समारोह का समापन होगा। यहां मुख्य अतिथि महापौर हेमा देशमुख होंगी। अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन होंगी। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद संतोष पिल्लै, पारस वर्मा, चंद्रकला देवांगन आदि आमंत्रित हैं।

### होगा रंगारंग कार्यक्रम

दूसरे सत्र में समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस बीच रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता धमतरी के महापौर विजय देवांगन होंगे। विशेष अतिथि के रूप में बीरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन, महापौर हेमा देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता आदि आमंत्रित हैं।











किराये से देना है

फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।

पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव

संपर्क करें 79991-61135 81037-58669


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com